शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 144 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 19 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आपका विश्वास मेरी बहुत बड़ी पूंजी है: मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे

**वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को सीधे देश भर के किसानों के खाते में ट्रांसफर किया। पीएम मोदी ने इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने काशी की जनता को उन्हें लगातार तीसरी बार सांसद और प्रधानमंत्री बनाने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि बनारस के हर मतदाता का लोकतंत्र के इस उत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशी वासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। ये बनारस के लोगों के लिए भी गर्व की बात है कि काशी के लोगों ने सिर्फ अपना एमपी नहीं बल्कि तीसरी बार पीएम भी चुना है। इसलिए आपलोगों को तो डबल बधाई। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

**आपका यह विश्वास मेरी बहुत बड़ी पूंजी है:** पीएम मोदी ने काशी की जनता का आभार जताते हुए कहा कि आपका आभारी हूं, आपका ऋणी हूं। इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है वो वाकई अभूतपूर्व है। इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे।



### आपके संकल्पों को पूरा करने के लिए, मैं हर प्रयास करूंगा: मोदी

**ऐसा भारत** में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया।

भारत जैसे देश में जहां युवा आकांक्षा इतनी बड़ी है,जहां जनता के इतने सपने हैं, वहां लोग अगर किसी सरकार को 10 साल के काम के बाद फिर सेवा का अवसर देते हैं तो यह बहुत बड़ी विजय है और बहुत बड़ा विश्वास है। आपका यह विश्वास मेरी बहुत बड़ी पूंजी है, आपका ये विश्वास मुझे लगातार आपकी सेवा के लिए देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देता है। मैं दिन रात ऐसे ही मेहनत करूंगा। आपके सपनों को पूरा करने के लिए, आपके संकल्पों को पूरा करने के लिए, मैं हर प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। जी7 के सारे देशों के मतदाताओं को मिला दें तो भी भारत के वोटर्स की संख्या उनसे डेढ़ गुना ज्यादा है। यूरोपियन यूनियन के सारे मतदाताओं को जोड़ दें तो भी भारत के वोटर्स की संख्या उनसे ढाई गुना ज्यादा है। इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। ये संख्या अमेरिका की पूरी आबादी के आसपास है। भारत के लोकतंत्र की यही खूबसूरती, यही ताकत पूरी दुनिया को आकर्षित भी करती है और प्रभावित भी करती है।



**जब सही नीयत होती है तो तेजी से जनहित का काम होता है**

पीएम मोदी ने कहा कि हमने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब इन्हें विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है। अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण से की है। सरकार बनते ही सबसे पहला फैसला किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा लिया गया है। देश भर में गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने हों या फिर पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढ़ाना हो, यह फैसले करोड़ों लोगों की मदद करेंगे। आज का ये कार्यक्रम भी विकसित भारत के इसी रास्ते को सशक्त करने वाला है।

### अपने कार्यों से तीसरी बार मोदी ने ली प्रधानमंत्री पद की शपथ: सीएम



**वाराणसी:** आजादी के बाद 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए, आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मोदी जी ने जब तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित फाइल पर हस्ताक्षर किया और पीएम मोदी के द्वारा आज करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सौगात मिल रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त (20 हजार करोड़ रुपये से अधिक) का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। साथ ही कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सीएम योगी ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मां गंगा के यशस्वी पुत्र नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है।

### 9 राज्यों में हीटवेव, यूपी-बिहार में गर्मी से 107 मौतें

**नई दिल्ली**

देश के उत्तरी राज्यों में गर्मी का दौर लगातार जारी है। आईएमडी ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार और झारखंड में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को प्रयागराज लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 47 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में लू से 90 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, प्रशासन इसे मानने से इनकार कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट होगा की मौतें गर्मी की वजह से हुई है, लेकिन डॉक्टरों का साफ कहना है कि ज्यादातर मौतें हीटवेव और हीट स्ट्रोक से हुई है। उधर, बिहार में सोमवार को लू से 17 लोगों की मौत हुई। हालांकि, इसकी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। औरंगाबाद में सोमवार को तापमान 46.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। छत्तीसगढ़ में गर्मी को देखते हुए समर वैकेशन 25 जून तक बढ़ाई गई हैं। यहां स्कूल 26 जून से खुलेंगे। ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल नहीं खोले जा रहे हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों में मानसून के 4 दिन में पहुंचने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश) में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**छत्तीसगढ़ में गर्मी की छुट्टियां बढ़ीं, ओडिशा में कलेक्टर फैसला लेंगे**

छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी पड़ रही है। 16 जून को रायपुर और राजनांदगांव का टेम्परेचर 39 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके चलते समर वैकेशन 25 जून तक बढ़ा दी गई हैं। इससे पहले राज्य सरकार ने गर्मी की छुट्टियां 22 अप्रैल से 15 जून तक घोषित की थीं। वहीं, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा है कि मौसम की स्थिति देखते हुए स्कूल कब खुलेंगे, इसका फैसला कलेक्टर करेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के कई जिलों में 19 जून तक मौसम काफी गर्म और उमस भरा रहेगा।

### किरण-श्रुति चौधरी का इस्तीफा, भाजपा में होंगी शामिल

**चंडीगढ़:** विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगने वाला है। लोकसभा चुनाव में बेटी को टिकट नहीं मिलने के बाद से पार्टी के खिलाफ मुखर कांग्रेस विधायक किरण चौधरी व उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने सभी समर्थकों को दिल्ली में पहुंचने के निर्देश दिए हैं। वह दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल होंगी। इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रह सकते हैं। किरण अपनी बेटी श्रुति के लिए भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस से टिकट मांग रही थी, मगर पार्टी ने उनकी जगह महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक राव दान सिंह को टिकट दिया। हालांकि चुनाव में उनकी हार हुई। उसके बाद राव दान सिंह ने बिना नाम लिए चौधरी पर भितरघात का आरोप लगाया था।

वहीं , किरण इसका विरोध जताते हुए कहा कि यदि टिकट सही से बंटी होती तो कांग्रेस यहां से चुनाव जीत सकती थी।



### टिप्पणी- धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश की नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों और पेपर लीक की शिकायतों को लेकर सड़क से अदालत तक उतरे छात्रों का दर्द सुप्रीम कोर्ट को भी महसूस होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट-यूजी में गड़बड़ियों के बारे में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा इसका संकेत देते हुए कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उस की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र सरकार से कहा कि इन सभी मामलों को प्रतिकूल मुकदमेबाजी की तरह नहीं लिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने डॉक्टर बनने का सपना संजोए नीट के लिए कड़ी मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों की व्याकुलता समझते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कितनी मेहनत करते हैं।



**कोर्ट ने किया सचेत:** सुप्रीम कोर्ट ने सिस्टम से धोखाधड़ी कर डॉक्टर बनने वालों से समाज को होने वाले खतरे के प्रति सचेत करते हुए कहा कि उस स्थिति की कल्पना करें, जहां किसी व्यक्ति ने सिस्टम के साथ धोखाधड़ी की और डॉक्टर बन गया। वह समाज के लिए अधिक घातक है। शीर्ष अदालत ने एनटीए से कहा कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए उसे दृढ़ रहना चाहिए। अगर गलती हुई है तो उसे स्वीकार करना चाहिए कि हां गलती हुई है और हम ये कार्रवाई करने जा रहे हैं।

कम से कम इससे आपके काम पर भरोसा तो पैदा होगा। न्यायमूर्ति

### इंडी गठबंधन के बड़े नेताओं को स्वाति मालीवाल की चिट्ठी



**नई दिल्ली: बीती** 13 मई को दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई घटना के बाद एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। स्वाति मालीवाल ने अपने मामले को लेकर इंडी गठबंधन के नेताओं को चिट्ठी लिखी है और उन्होंने मिलने का समय भी मांगा है। स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि उन्होंने इंडी गठबंधन के बड़े नेताओं को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 सालों से मैंने जमीन पर काम किया है और नौ सालों में महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई की। पिछले 18 सालों से मैंने जमीन पे काम किया है और 9 सालों में महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई करी है। बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके, महिला आयोग को एक बहुत ऊँचे मकाम पे खड़ा करा है।

आगे लिखा कि बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके हुए। महिला आयोग को एक बहुत ऊंचे मुकाम पर खड़ा किया। लेकिन बहुत दुख की बात है कि पहले मुझे मुख्यमंत्री के घर पर बुरी तरह पीटा गया, फिर मेरा चरित्र हरण किया गया है। आज इस विषय पर मैंने इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है।

### लॉरेंस बिश्नोई के वायरल वीडियो से हड़कंप

**नई दिल्ली:** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लॉरेंस कथित रूप से पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को ईद की बधाई दे रहा है। मौजूदा समय में लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। इससे पहले वह एक निजी चैनल को जेल से इंटरव्यू देने के बाद सुर्खियों में आया था। इस मामले की जांच पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा गठित टीम कर रही है। लॉरेंस बिश्नोई पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को ईद की बधाई देता है। 17 सेकेंड के वायरल वीडियो में में शहजाद भट्टी लॉरेंस को बताया है कि दुबई वगैरह में ईद आज हो गई है। पाकिस्तान में कल होगी। लॉरेंस पूछता है कि आज नहीं है? इस पर शहजाद भट्टी कहता है कि दूसरे देशों में आज है। बाकी कल होगी। इसके बाद लॉरेंस कहता है कि कल करूंगा बात। हालांकि वीडियो कब और कहां का है? इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई। गुजरात के जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा पाकिस्तानी डॉन भट्टी को वीडियो कॉल करने के कथित नए वायरल वीडियो पर गुजरात के मंत्री रुशिकेश पटेल ने कहा, " इसकी जांच की जाएगी कि यह पुराना वीडियो है या नया।



### प्रधानमंत्री मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 19 जून को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का उद्घाटन करेंगे। वर्ष 2016 मे नालंदा के भग्नावशेष को संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थल घोषित किया गया था। विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। इस उद्घाटन समारोह में 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य शामिल होंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी। परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी कुल बैठने की क्षमता लगभग 1900 है। इसमें 300 सीटों की क्षमता वाले दो सभागार हैं। इसमें लगभग 550 छात्रों की क्षमता वाला एक छात्र छात्रावास है। इसमें अंतरराष्ट्रीय केंद्र, 2000 व्यक्तियों तक की क्षमता वाला एम्फीथिएटर, फैकल्टी क्लब और खेल परिसर सहित कई अन्य सुविधाएं भी हैं।

## हिमाचल पुलिस भर्ती के लिए आयु सीमा बढ़ी

**शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गत दिवस को प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में पुलिस विभाग में आरक्षी (कांस्टेबल) के 1226 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतमत आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की गई। इस छूट के साथ अब सामान्य वर्ग के उम्मीदवार 18 से 26 वर्ष की आयु तक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, गोरखा, प्रतिष्ठित खिलाड़ी 18 से 28 वर्ष तक और होमगार्ड 20 से 29 वर्ष की आयु तक पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद की भर्ती के लिए पात्र होंगे। मंत्रिमण्डल ने नौनिहालों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग में 6297 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6630 से अधिक पद सृजित कर इन्हें भरने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 200 पद सृजित करने और भरने का निर्णय लिया गया।



इसके अतिरिक्त, मंत्रिमण्डल ने राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को मंजूरी प्रदान की।

लोगों को घर द्वार के निकट बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए डा. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन में प्रोफेसर के तीन तथा एसोशिएट प्रोफेसर के दो पद, श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नैरचौक, मंडी में प्रोफेसर के दो तथा एसोशिएट प्रोफेसर का एक पद, पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में विभिन्न विभागों में प्रोफेसर के चार तथा एसोशिएट एवं सहायक प्रोफेसर के पांच-पांच पद भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में आपाकालीन चिकित्सा अधिकारी के आठ पद सृजित कर भरने तथा चंबा चिकित्सा महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पांच पद सृजित कर भरने सहित दोनों चिकित्सा महाविद्यालयों में ट्रॉमा सेंटर क्रियाशील बनाने के लिए स्टाफ नर्स, ऑपरेशन थियेटर सहायक, तकनीशियन, मल्टी टास्क वर्कर इत्यादि सहायक स्टाफ को नियुक्त करने को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में विभिन्न श्रेणियों के 84 पद सृजित कर भरने का निर्णय लिया गया।

# मंडलायुक्त ने राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की

**5 वर्ष से अधिक लम्बित राजस्व वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश, मण्डलायुक्त ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को अनिवार्य रूप से मुलाकाती रजिस्टर बनाये जाने एवं उसमें प्रतिदिन की शिकायतों का अंकन किए जाने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत मंगलवार को संगम सभागार में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को प्राथमिकता के आधार पर राजस्व वादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए है, साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि राजस्व वादों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। उन्होंने 5 वर्ष से अधिक लम्बित राजस्व वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने धारा-24 से सम्बंधित वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वादों के निस्तारण के साथ-साथ कब्जा दिए जाने की कार्यवाही को भी शत-प्रतिशत रूप से सुनिश्चित किया जाये। मण्डलायुक्त ने धारा-67, धारा-34 धारा-80 सहित अन्य राजस्व वादों से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को अनिवार्य रूप से न्यायालय में बैठने तथा वादों का निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। वरासत से सम्बंधित प्रकरणों को अभियान चलाकर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिए है। इसके साथ ही साथ उन्होंने रियल टाइम खतौनी, सजरा डिजिटाइजेशन, स्वामित्व योजना, अंश निर्धारण से सम्बंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदारों को मुलाकाती रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाये जाने तथा प्रतिदिन आने वाली शिकायतों का उसमें अंकन किए जाने के साथ-साथ शिकायतकताओं का मोबाइल नम्बर सहित अन्य विवरण भी अंकित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने नजूल एवं राजकीय स्थान की भूमि का चिन्हॉकन कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने राजस्व वादों के निस्तारण से सम्बंधित स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को मण्डलायुक्त महोदय के द्वारा दिए गए निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक राजस्व वादों का निस्तारण किए जाने के साथ-साथ राजस्व के अन्य कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार, एडीएम नजूल श्री प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री विनोद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## भेलांव के मनीष हत्याकांड का एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**रविवार को भी हुई थी एक हत्यारोपी की गिरफ्तारी**

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के भेलांव गांव में भूमि विवाद में हुई मनीष मिश्र (27) पुत्र संतोष मिश्र की हत्या के एक अन्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व रविवार को भी हत्यारोपी दीपक कुमार पांडेय पुत्र कृष्णबिहारी पांडेय (निवासी भेलांव, बारा) को गिरफ्तार किया जा चुका है। बारा के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि धारा 302, 307, 506, 34 के तहत वांछित चल रहे हत्याभियुक्त श्यामाकांत पांडेय पुत्र स्व. जमुनाप्रसाद पांडेय (निवासी भेलांव,बारा) को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी गींज गांव की तरफ रोड पर स्थित पुलिया से कुछ दूरी से की गई। पूछताछ के बादआरोपी का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान,एचसीपी देवेंद्र सिंह, अजीत कुमारयादव शामिल रहे। बताते चलें कि बीते शुक्रवार को भेलांव गांव में खेत में पिता संतोष मिश्र के साथ काम कर रहे मनीष मिश्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हत्या जमीनी विवाद में की गई थी।

### अस्पताल ले जाते समय जाम में फंसने से बुजुर्ग की गई जान

**मऊआइमा।** तबियत खराब होने पर अस्पताल ले जाते समय वाहन मऊआइमा रेलवे फाटक पर जाम में फंस गया। जाम न खुलता देख दूसरे रास्ते से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मरीज की मौत हो गई। । मऊआइमा इलाके के तिलई बाजार निवासी बृजलाल मौर्य की तबियत अचानक खराब हो गई। घरवाले अपने वाहन से थाना पड़ाव स्थित निजी अस्पताल ले जा रहे थे। मऊआइमा रेलवे फाटक बंद होने से लोकापुर स्थित अंडरग्राउंड रेलवे पास से निकलने के लिए दस किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाया। इस दौरान मरीज की हालत बिगड़ती गई। अस्पताल पहुंचने पर जब-तक इलाज शुरू हो पाता उसकी मौत हो गई?। परिजनों में कोहराम मच गया।

### औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने कारों में लगे हूटर को निकलवाया, किया चालान

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए। हुटर बजाकर फरार्टा भरने वाली कार का चालान किया। एसओ औद्योगिक क्षेत्र महेश मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के रामपुर बाजार व सरस्वती हाईटेक सिटी में हुटर बजाकर फरार्टा भर रहे और ब्लैक फि ल्म के खिलाफ अभियान चलाया गया। जहां कई कारों में लगे हुटर को निकलवाया गया और उनका चालान भी किया गया।

## नवयुवक ब्राह्मण समाज ने मनाया लक्ष्मी बाई का बलिदान दिवस



**सहसों।** गारापुर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर नवयुवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में मंगलवार को झाँसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई को उनकी पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाते हुए शत शत नमन किया। इस मौके पर संगठन के संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह विषम परिस्थितियों में भी पति के दिवंगत होने के पश्चात राजकाज संभालते हुए फिरंगियों से युद्ध कर उनके दांत खट्टे कर दिए।

झांसी राज्य को अंग्रेजों ने हड़प कर लिया था और उनके दत्तक पुत्र को उसका हक नहीं दिया। रानी झांसी के रहते हुए लगातार युद्ध किया। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम शुरू होते ही अंग्रेजों को भगाकर झांसी पर कब्जा कर लिया। 11 महीने तक सुशासन किया। अंग्रेजी हुकूमत ने इकट्ठा हो करके झांसी पर चढ़ाई कर दी। महारानी लक्ष्मीबाई तलवारबाजी और घुड़सवारी में निपुण थी सो अंग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। उनकी वीरता उनके शौर्य, साहस एवं वीरता पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो गई। उनके अदम्य साहस एवं पराक्रम के चलते पूरा देश आज भी उनको नमन करता है तथा उनकी अमर गाथा को कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान, वीर सावरकर आदि ने अपनी कलम से लिपिबद्ध करते हुए लिखा की चमक उठी सन 57 में वह तलवार पुरानी थी खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी। बलिदान दिवस पर संरक्षक कृष्ण देव द्विवेदी, श्रीनाथ शुक्ला, डॉक्टर ए एन मिश्रा, अमन मिश्र, डॉ एस के पांडे, प्रमोद शुक्ला, आशीष शुक्ला, अनुपम, संजय, महेंद्र कुमार, डॉक्टर सौरभ आदि उपस्थित रहे।

## मानव जीवन को सफल बनाने के लिए सप्ताह के सभी दिनों का करें सम्मान : चेतनदास जी महाराज





**मेजा।** भइयां ग्राम के जन्मोत्सव पर्व पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा वाचन करते हुए भागवताचार्य श्री चेतन दास जी महाराज ने कहा कि भ्रम -वश मानव यह भूल जाता है कि नश्वर शरीर सीमित समय के लिए ही प्राप्त है। विकारों के कारण ही भ्रमित जीव अधार्मिक कार्यों में लिप्त हो जाता है ।राजा परीक्षित को श्रापित अवस्था में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने का उपाय विषय पर चर्चा करते हुए भागवताचार्य ने बताया कि सात दिवस का अभिप्राय सप्ताह के सातों दिन से है। मानव जीवन को सफल बनाने के लिए आवश्यक है कि सजगता पूर्वक प्रतिदिवस का सम्मान करते हुए धर्ममय दिनचर्या की शुरूआत करें एवं रात्रि विश्राम करते वक्त ईश्वर को धन्यवाद देकर प्रफुल्लित मन से आराम करें। गौरतलब है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं कुलजमस्वरुप साहब का पारायण-पाठ आयोजित किए जाने को लेकर श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर भइयां के महन्त श्री ब्रह्मानन्द जी महाराज ने बताया कि मन्दिर की स्थापना परमहंस गोपाल मणी दास जी महाराज द्वारा की गई थी ।उनकी स्मृति में उनका जन्मदिन एवं धामगमन दिवस आषाढ़ प्रतिपदा को ग्रामीणों द्वारा आस्था एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। आध्यात्मिक जगत में भ?इयां ग्राम का महत्व पूर्ण स्थान है इसलिए परमहंस स्मृति दिवस को ही ग्राम जयंती दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट एवं ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। सप्तदिवसीय कार्यक्रम का आज चौथा दिवस है।

### कोर्ट में महिला को पीटने वाले अधिवक्ता को जेल

**प्रयागराज।** जिला कोर्ट के अंदर एक महिला को पकड़कर उसके साथ मारपीट, छेड़खानी और लूटपाट करने में फरार अधिवक्ता आसिफ को कर्नलगंज पुलिस ने सोमवार को कानपुर से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। उसके खिलाफ लूट के एक अन्य मुकदमे में भी कार्रवाई की गई है। इससे पूर्व इस संगीन केस में आसिफ के साथी अधिवक्ता रणविजय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दोनों के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। कर्नलगंज इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि 20 मार्च 2023 को करेली के अबरार ने अधिवक्ता रणविजय व आसिफ समेत अन्य के खिलाफ बवाल, मारपीट और लूट की धारा में कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि मारपीट कर उसका बैनामा का पेपर छीन लिया गया था। दूसरी एफआईआर करेली की महिला ने इन्हीं आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी, लूट समेत अन्य धाराओं में दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि कोर्ट के अंदर उसके साथ बदसलूकी की गई। कपड़े फाड़ दिये। चेन छीन ली। इस हमले और मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ था जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लिया था। इस मामले में पुलिस ने पहले रणविजय सिंह को जेल भेजा। इसके बाद करेली के अधिवक्ता आसिफ की तलाश में जुटी थी। सोमवार को पुलिस को पता चला कि वह कानपुर में छिपा हुआ है। पुलिस ने वहां पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आसिफ के पास से लूट के 3500 रुपये और चेन भी बरामद किया है। इस केस में अब अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## अतरसुइया में महिला की गला घोंट कर कर दी हत्या, परिजन फरार

**प्रयागराज।** अतरसुइया में रविवार रात एक महिला की गला घोंटकर उसके ससुरालवालों ने हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर सुबह फरार हो गए। महिला के मायके वालों ने पोस्टमार्टम के बाद शव रखकर सड़क जाम किया। हंगामा के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी सास को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य फरार है। लीडर रोड, शाहगंज निवासी कमलेश सोनकर ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी 30 वर्षीय फ्रूटी सोनकर की शादी अतरसुइया निवासी सौरभ सोनकर के साथ 2015 में की थी। उसके तीन बच्चे हैं। पिछले साल फ्रूटी के पति की बीमारी से मौत हो गई। इसके बाद ससुरालवालों ने कहा कि वह तीनों बच्चों और महिला की सुरक्षा परवरिश की जिम्मेदार ले रहे हैं। फ्रूटी अपने बच्चों को लेकर वहीं रहने लगी लेकिन इसके बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। कमलेश ने पुलिस को बताया कि 16 जून की रात उसकी बेटी ने फोन करके बताया था कि उसके साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं। बच्चों के साथ भी बुरा बर्ताव किया है। बोली कि वह यहां नहीं रहेगी। बच्चों की परीक्षा खत्म होते ही वह मायके आ जाएगी।17 जून की सुबह पड़ोसी के फोन से पता चला कि फ्रूटी की मौत हो गई है। परिजन पहुंचे तो उसके शरीर पर चोट के निशान मिले। गले में निशान बना था। अतरसुइया पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया।परिजनों ने शाम को शव रखकर हंगामा किया और मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने सास, ससुर, देवर, ननद समेत अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है। एसीपी अतरसुइया ने बताया कि महिला के' हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बजरंग दल कार्यकताओं ने सहसों चौराहे पर आतंकियों का किया पुतला दहन



**सहसों।** सुखदेव सिंह महाविद्यालय महरौड़ा सहसों के प्रांगण से मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकताओं ने प्रांत संयोजक सत्य प्रताप सिंह नेतृत्व में बजरंगियों ने हाथ में आतंकियों का पुतला लिए जुलूस निकाला। जुलूस को कसेरूआ कला, सहसों चौराहा होते हुए राम जानकी मंदिर से वापस चौराहे पर लाकर कार्यकताओं ने आतंकी पुतला का दहन किया। इस अवसर पर प्रांत संयोजक ने कहा कि 9 जून को कश्मीर में दर्शनार्थ श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकवादियों ने जो कायराना हरकत किया है वह बर्दाश्त योग्य नहीं है। इन पाकिस्तानी आतंकियों के हमले में कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जिसका बदला हमारे मिलिट्री के जांबाज सिपाहियों ने एक-एक आतंकवादियों को जहन्नुम में पहुंचने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा देश के महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि हमारे जवानों को आतंकियों से निपटने के लिए खुली छूट दे दी जाए यही नहीं आवश्यकता पड़ने पर हमारी बजरंगी सेना भी इन आतंकियों से दो-दो हाथ करने को तैयार खड़ी है। इस मौके पर जिला मंत्री विनेक कुमार तिवारी, आशुतोष तिवारी, पवन पांडे, दीपक द्विवेदी, अनिल, प्रियांशु , पंकज, महेंद्र, राकेश, आनंद एवं मुकेश सहित आदि बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झोला छाप डॉक्टरों पर प्रयागराज चिकित्साधिकारी हैं महरेबान

**गरीब मरीजों पर खुलेआम डाका डाल रहे झोलाछाप डाक्टरों पर कार्यवाही के बजाय जिम्मेदार वसूल रहे हैं मोटी रकम**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** यमुनापार में प्रदेश सरकार स्वास्थ विभाग द्वारा फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई के कितने ही दावे क्यों न करें लेकिन यहां की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही हैं। प्रयागराज जिले के साथ साथ यमुनापार मे झोलाछाप छाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है ग्रामीणों का हाल बेहाल हैं। मौसमी बीमारी के चलते लोग शासकीय अस्पतालों में जाते हैं, जिसमें ज्यादातर डॉक्टर नर्स हॉस्पिटल से नदारत रहते हैं या फिर ऐसे लोग रहते हैं जो महंगी दवाई बाहर से उनके सेटिंग वाले मेडिकलों से ही महंगी दवाई मंगवाते हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मजदूर झोलाछाप डाक्टरों से इलाज कराने पर मजबूर हैं, हरी पीली गोली देकर मोटी रकम वसूली जा रही है। इन दिनों जमुनानगर के करछना, बारा, मेजा, कोराव, मांडा और आसपास के ग्रामीण अंचलों में गैर पंजीकृत डॉक्टरों (झोलाछाप) व अस्पतालों की भरमार हो गई है। लेकिन कुंभकरणी निद्रा में बीएमओ, सीएमओ, ड्रग स्पेक्टर (सभी आला अधिकारी) का ध्यान नहीं है। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है इनमें कई डॉक्टर जो अवैध रूप से घर पर चिकित्सकीय कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के नाक के नीचे अवैध व्यवसाय कर जन जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से कई मरीज की मृत्यु तक हो जाती है,लेकिन जानकारी के अभाव में किसी के खिलाफ कोई कर्यवाही नही होती है। दूसरी ओर जागरूकता की कमी,गरीबी और अशिक्षा की वजह से शिकायत भी दर्ज नहीं करा पाते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने की वजह से ये झोलाछाप चिकित्सक सस्ते उपचार के नाम पर मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ करते हैं। कई मर्तबा देखा गया कि झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से मरीजों की हालात बिगड़ जाती है। ऐसे में डॉक्टर मरीज को शहर के सेटिंग वाले निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा देते है जहां मरीज या तो ठीक हो गया या मौत हो जाने पर भी झोलाछाप डॉक्टर की कमीशन जोड़ कर भारी भरकम बिल थमा दिया जाता है। और गरीब दोनों तरफ से लुट जाता है। देखा जाय तो अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड की भी भरमार हो गई है।

## न्यूज झरोखा

### कार्यकताओं के मान सम्मान का रखूंगा ख्याल : सांसद उज्जवल



**कोरांव।** कोरांव के सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज सिकरो में मंगलवार को नव निर्वाचित सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह का स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया जहां पर उन्होंने क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। उपस्थित संभ्रांतजनों में कालेज प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह सहित कई अन्य द्वारा नव निर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्थानीय सपा के चर्चित नेता राजू चौबे द्वारा अपने नेता कुंवर उज्जवल रमण सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रयागराज सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने सर्व प्रथम क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया जिन्होंने भारी मतों से जीत का ताज बांधा है। कहा कि जनता ने जिस विश्वास और भरोसे के साथ अपने मत रुपी आशिर्वाद से यह जीत दर्ज कराई है मैं जनता के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करुंगा। पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसी क्रम में नवनिर्वाचित सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने महताब खान समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष कोराव के आवास पर पहुंच कर चुनाव में शानदार प्रदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम कृपाल कोल प्रमोद मिश्र पयासी रामनारायण मौर्य, ललन सिंह पटेल राजेश पाण्डेय सहित कई अन्य लोगों द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश पांडे बबलू शुक्ल मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी शिवदानी पाल आशाराम मिश्र अनीता शुक्ला दिनेश पटेल सूरज यादव जीशान अली सहित सैकड़ों की संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता व आम लोग मौजूद रहे।

### सात अवैध देशी बम के साथ दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार : भेजा गया जेल




**थरवई।** मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत सिंगरामऊ ग्राम निकट कानपुर वाराणसी हाइवे किनारे दुकान के पास से सुबह करीब पांच बजे ही पुलिस की सक्रियता से दो अभियुक्तों रोहित पुत्र शोभनाथ 22 वर्ष जो थाना सरायइनायत निवासी हबूसा मोड़ एवं दूसरा अभियुक्त मनोज सिंह पुत्र विनोद सिंह 28 वर्ष थाना सरायइनायत गांव भागीपुर के रहने वाले इन दोनों अभियुक्तों को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कुल सात अवैध देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया वहीं मौके पर ही जब्त किये गए 7 बमों को निष्क्रिय कर दिया जिसके पश्चात दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने 4 / 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया। वहीं अभियुकों पर पूर्व में भी कई थानों में उनके विरुद्ध मुकदमें पंजीकृत हैं।

### तकनीकी शिक्षा से आत्म निर्भर बनेगा देश का युवा- प्रो. आशुतोष पाण्डेय



**कोरांव।** तहसील कोरांव मे मंगलवार को शम्भू नाथ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी झलवा प्रयागराज के प्रोफेसर आशुतोष पाण्डेय ने अधिवक्ताओं और आम जनमानस से मुलाकात करते हुए बच्चो को तकनीकी शिक्षा पर जोर देने को कहा। बता दे कि मंगलवार को तहसील परिसर कोरांव मे उक्त संस्थान के प्रोफेसर आशुतोष पाण्डेय ने एक आम सभा की जिसमे अधिवक्ताओ के अलावा आम जनमानस भी उपस्थित रहे सभा को संबोधित करते हुए पाण्डेय ने कहा कि आज के दौर मे बच्चो को आत्म निर्भर बनाने के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है वह चाहे बीटेक, एमटेक, एमबीए, डीफार्मा, बीफार्मा,फार्मा डी, बीए,एलएलबी,बीसीए,एनम,जीएनएम बीएससी,नर्सिंग आदि जिससे आज के युवा आत्मनिर्भर बन सकते है और खुद रोजगार परक बन बुलन्दी को छू सकते है इस दौरान बार एशोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, अरुण मिश्रा बाबा, रविन्द्र नाथ मिश्रा, विनित मिश्रा, राजू दुबे, सुनील पाण्डेय,भास्कर यादव, विवेक गौतम, बृजेश तिवारी, शशि दुबे, अनूप मिश्रा, रवि प्रकाश तिवारी, अखिल दुबे, इंद्र प्रकाश पाण्डेय, सूरज कोल ,संतोष बिंद, विजय बहादुर सिंह, केबी सिंह के अलावा आदि अधिवक्ता और आमजनमानस उपस्थित रहे

### सोनबरसा में लू से पति और पत्नी ने दम तोड़ा



**बारा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनबरसा के जंगल में बकरी चराने गए पति-पत्नी की सोमवार दोपहर में मौत हो गई। शाम को जानकारी होने पर बारा पुलिस म पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनबरसा निवासी 65 वर्षीय छोटके और उनकी पत्नी 62 वर्षीय पार्वती गांव के बाहर जंगल में बकरी चराने गए थे। दोनों की जंगल में ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे इंस्पेक्टर बारा विनोद कुमार के अनुसार प्रथम दृष्टया दोनों की मौत लू से हुई प्रतीत होती है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमलकांत तिवारी का नरवल गंगा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता के अलावा भारी मात्रा पुलिस के जवान घाट पर रहे मौजूद दी गई सलामी**



**मेजा।** मंगलवार को मेजा तहसील क्षेत्र के ग्राम बरहाकला निवासी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमलकांत तिवारी उर्फ लल्ला तिवारी की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ नरवल गंगा घाट पर समय करीब 9 बजे दिन उनके परिजनों द्वारा किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता , नायब तहदिलदार मेजा , प्रभारी निरीक्षक थाना मांडा शैलेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी दीघिया डॉक्टर बाबू राम एवं अन्य पुलिस के जवानों के साथ उक्त घाट पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि रिजर्व पुलिस लाइन्स प्रयागराज से सलामी गार्ड द्वारा आकर शोक शस्त्र कर सलामी दी गई। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण भी गंगा घाट पर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों को गड्ढ़ा खुदाई एवं पौधों की डिमांड की सूचना तत्काल उपलब्ध कराये जाने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** विकास भवन में गंगा सुरक्षा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति और जिला पर्यावरण समिति प्रयागराज की बैठक मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन के सभागार में अयोजित की गई ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने 30 जून से पूर्व लक्ष्य के सापेक्ष स्थलों का चयन, कार्ययोजना व अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए सही स्थल का चुनाव करने के लिए कहा है। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गड्ढ़े खुदायी का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा कराये जाने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को वृक्षारोपण के सम्बंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी विभाग जो अभी तक गड्ढ़ा खुदाई की सूचना नहीं दिए है, वे तत्काल सूचना उपलब्ध करा दें साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि जो भी विभाग अभी तक वृक्षारोपण के सम्बंध में पौधों की डिमांड नहीं भेजी है, वे भी तत्काल पौधों की डिमांड प्रभागीय वनाधिकारी को भेज दे ।उन्होंने कार्य में तेजी लाने के लिए प्रत्येक विभाग को एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने गौशालाओं, विद्यालयों सहित अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों में अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि गड्ढ़ो की खोदायी की रैण्डम जांच भी की जायेगी। वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने तटबंधों, कटान वाले क्षेत्रों, नहर की पटरियों पर भी अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी श्री अरविंद कुमार यादव ने वृक्षारोपण की तैयारियों एवं पौधों की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जो भी विभाग अभी तक अपनी डिमांड नहीं भेजे है, वे तत्काल अपनी डिमाण्ड उपलब्ध करा दें, जिससे कि समय से एवं मांग के अनुसार उनको पौधे उपलब्ध कराये जा सके। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला गंगा समिति/जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक करते हुए गंगा नदी की साफ-सफाई, नालों की टैपिंग, पर्यावरण प्लान को अपग्रेड किये जाने की समीक्षा की। उन्होंने टैप्ड एवं अनटैप्ड नालों की समीक्षा करते हुए अनटैप्ड नालों को शीघ्र टैप्ड करने के निर्देश दिए है। डी एफओ ने बताया 21 जून को जिला गंगा समिति द्वारा गंगा घाट किनारे योग दिवस का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्री ए0के0 मौर्या, जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नैनी में ट्रैक्टर चालक का शव मिला

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक का शव मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक कौंधियारा थाना क्षेत्र के कैथा गांव निवासी छोटू उर्फ सूरज लाल (37) पुत्र हीरालाल नैनी के हनुमान नगर सड़क चौड़ीकरण के काम में ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करता था। उसका शव सोमवार शाम को नैनी के मेवालाल बगिया स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के समीप आइसीआइसीआइ बैंक के पास मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जबकि ट्रैक्टर चालक की मौत को लेकर कई तरह की चचाएं दिनभर व्याप्त रही। हालांकि पुलिस ने उसके साथ काम करने वाले एक ठेकेदार के व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी हुए हैं। जबकि परिजनों ने भी हिरासत में लिए गए व्यक्ति के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया है। पुलिस पूरे मामले की तह तक जांच पड़ताल करने में जुटी हुए है।

## बेटी के अंतिम संस्कार से लौटे पिता की मौत

**झूंसी।** लू का सितम इस कदर है कि झूंसी में दो दिन के भीतर चार की मौत हो गई। बेटी का अंतिम संस्कार कर के लौटे पिता ने दम तोड़ दिया। 24 घंटे के भीतर एक ही परिवार में हुई दो मौत से पूरा परिवार बेहाल है।

नई झूंसी मल्लाही टोला निवासी गुलाब निषाद की बेटी आंशिक निषाद 18 की तबीयत खराब चल रही थी जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था सोमवार की सुबह अंशिका की मौत हो गई। आंशिक का गंगा किनारे अंतिम संस्कार किया गया। पिता गुलाब निषाद भी अंतिम संस्कार में गए थे। वहां से दोपहर लौटे तो उनकी भी तबीयत बिगड़ गई परिजन अस्पताल ले गए पर उन्होंने भी दम तोड़ दिया 24 घंटे के भीतर घर में दो मौत से कोहराम मचा हुआ है वही पति और बेटी को खो चुकी गुड़िया बेसुध है। सोमवार की रात में एक अधिवक्ता भी अपने कमरे में मृत पाए गए। भदोही के ऊँज चक्र प्रेमगिरि गांव निवासी इंद्र प्रसाद यादव देवनगर में किराए के कमरे में रहते थे और हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। सोमवार की सुबह बेटे राजेश कुमार यादव से फोन पर बात हुई थी उन्होंने बताया था कुछ तबीयत खराब है दोपहर में कई बार बेटे ने उनको कॉल किया पर फोन नहीं लगा शाम को बेटा राजेश अपनी मां के साथ पिता से मिलने कमरे पर आया तो अंदर वह कमरे में बिस्तर पर मृत पड़े हुए थे। चक हरिहर वन की रहने वाली 65 वर्षीय उर्मिला देवी पत्नी ननकू मंगलवार इलाहाबाद बैंक से घर लौटी वृद्धा की अचानक तबियत बिगड़ गई जब तक परिजन उसे अस्पताल ले जाते वृद्धा की मौत हो गई। बेटा राजेश भारतीय ने बताया कि माँ पेंशन लेने बैंक गई थी घर लौटते ही तबियत बिगड़ गई थी। वही एक अज्ञात व्यक्ति की भी पार्क में लाश मिली थी। चर्चा है कि चारो मोत लू की वजह से हुई है।






# बंधवा में हनुमान मंदिर में भव्य श्रृंगार के साथ हुई महाआरती, चढ़े छप्पन भोग

**निर्जला एकादशी व ज्येष्ठ माह के आखिरी चौथे मंगल पर संगम में आस्था का सैलाब**

प्रयागराज। निर्जला एकादशी और ज्येष्ठ माह के चौथे और आखिरी मंगलवार को संगम में श्रृद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पूजा अर्चना कर दान पुण्य अर्जित किया। वही चौथे आखिरी मंगल पर लेटे बंधवा हनुमान मंदिर में दर्शन भी किया। बजरंगबली के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। मंदिर में मुख्य पुजारी ने भव्य श्रृंगार के साथ महाआरती भी की। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल और निर्जला एकादशी पर श्रृद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। वहीं श्री बड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रयागराज के बड़े हनुमान मंदिर में का भव्य श्रृंगार हुआ। बाघंबरी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी महाआरती की। वहीं महाप्रसाद का भोग भी लगाया गया। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। बड़े मंगल के अवसर पर शहर के तमाम मंदिरों में भव्य आयोजन किया गया। श्री बड़े हनुमान मंदिर में विशेष पूजन और श्रृंगार हुआ। मंदिर को फूलों हर भव्य सजाया गया। साथ ही बड़े हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह मंगला काल में श्री बड़े हनुमान जी का अभिषेक और आरती की गई। गर्मी को देखते हुए शरबत का भंडारा चलाया गया। ज्येष्ठ माह के चौथे और आखिरी मंगलवार पर श्री बड़े हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। देर शाम तक मंदिर में भीड़ लगी रही। शाम साढ़े चार बजे मंदिर में महाआरती की गई। इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड का पाठ का आजोजन हुआ। वहीं, भक्तों को धूप से बचाने के लिए टेंट की भी व्यवस्था की गई थी। महंत बलबीर गिरी ने बताया कि बड़े हनुमान मंदिर में लेटे बजरंग बली को प्रयागराज के नगर कोतवाल के रूप में माने जाते हैं। जेष्ठ मास का आखिरी व चौथा बड़ा मंगलवार रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। मान्यताओं के अनुसार निर्जला एकादशी व मंगल एक साथ पड़ने का संयोग अदभुद रहा है। मान्यताओ के अनुसार निर्जला एकादशी और मंगल पड़ने से शुभ संयोग है। इस दिन गंगा स्नान और बजंगबली के दर्शन मात्र से हर मनोकामना पूर्ण होती है। साथ ही धन की प्राप्ति होती है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**ओवर स्पीडिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले लोगो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ने आगामी बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। अपर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए जनपद में उपलब्ध इंटरसेप्टर की जानकारी लेते हुए कैमरे व ज्यादा से ज्यादा साइनेज लगवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा की गयी प्रवर्तन की कार्रवाई एवं जनपद में समस्त एमडीआर, एसएच, एनएच श्रेणी के मार्गों के जंक्शन को चिन्हित करते हुए उन पर आवश्यक टैजफिक कॉमिंग मेजर्स स्थापित कराये जाने की समीक्षा की। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में ओवर स्पीड़िंग, रेड लाइट जम्पिंग, ड्रंकन ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, माल वाहनों में यात्री बैठाये जाने व माल वाहनों में ओवर लोडिंग आदि विभिन्न अपराधों में किए गए लाइसेंस निलम्बन, निलम्बन हेतु अग्रसारित व लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं के कारणों के बारे में ठीक ढंग से जानकारी इकट्ठा करने के साथ ओवर स्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने डिवाइडर पर पेंट व रिफ्लेक्टर लगाये जाने व टूटे हुए डिवाईडरों की मरम्मत कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में ऑटो यूनियन के अध्यक्ष श्री विनोद चन्द्र दुबे, महामंत्री रमाकांत रावत, ऑटो यूनियन के उपाध्यक्ष श्री रघुनाथ द्विवेदी व अन्य के द्वारा लोगो को सड़क सुरक्षा के उपायों से जागरूक किए जाने, अवैध कटों को बंद कराये जाने, घूरपुर थाने के पास अवैध कट को पुनः बंद कराये जाने, बांगड़ धर्मशाला के सामने अवैध पार्किंग से जाम की स्थिति से निपटने, कोचिंग संस्थानों के पास बनाये गये कटो को बंद कराये जाने व सड़क सुरक्षा से सम्बंधित अन्य सुझाव दिए गए, जिसपर अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।



## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सम्भव सुनवाई

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा आज दिनांक 18 जून 2024 को अपने कार्यालय में जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जन सुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अम्बरीश बिन्द तथा दीपेन्द्र यादव, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, मुख्य नगर लेखा परीक्षक बालेन्दू मिश्र, लेखाधिकारी अक्षय कुमार समस्त जोनल अधिकारी, समस्त अधिशाषी अभियन्ता आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करछना का युवक गर्मी के कारण ट्रेन में दम तोड़ा दिया

**नैनी।** नैनी मुंबई से छिवकी स्टेशन पहुंचने से पहले युवक की मौत। अपने घर वापस लौट रहे युवक की ट्रेन में मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर परिजन छिवकी स्टेशन पहुंचे और शव देखकर फफक पड़े। करछना थाना अंतर्गत लटकहा गांव निवासी संजय कुमार पुत्र चिंतामणि यादव मुंबई मे कमाने गया था। वह ट्रेन पर सवार होकर घर वापस आ रहा था कि अचानक रास्ते में उसकी तबीयत खराब हो गई। उसके बगल बैठी महिला यात्री ने फोन कर उसके भाई पुष्पेंद्र को इसकी जानकारी दी। पुष्पेंद्र ने अपने घर पर रह रहे छोटे भाई संदीप को बताते हुए तत्काल छिवकी स्टेशन पहुंचने को कहा। संदीप छिवकी स्टेशन पहुंचा लेकिन गाड़ी पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। यह खबर जैसे ही उसके घर पहुंची कोहराम मच गया। 12 जून को मुंबई से चले छिवकी के लिए 13 जून शाम 5 बजे छिवकी स्टेशन पर शव बरामद हुआ 6:05 मिनट पर छिवकी चौकी प्रभारी द्वारा पंचनामा तैयार करके पोस्टमार्टम हेतु शव भेजा गया।

## उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा निःशुल्क विद्युत चालित चाक टूल-किट्स वितरण प्राप्त करने एवं माटीकला कौशल विकास शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु परम्परागत इच्छुक कारीगर 28 जून तक जमा करें आवेदन पत्र

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज अजय कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया है, कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माटीकला शिल्प को बढावा देने के लिए उ0प्र0 माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है। मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मार्तियां इत्यादि बनाकर जीविकोपार्जन करने वाले ऐसे माटीकला के पराम्परागत कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराया जायेगा। वित्तीय वर्ष-2024-25 में जनपद-प्रयागराज को कुम्हारी कला के अन्तर्गत मिट्टी कला से सम्बन्धित कार्य करने वाले कारीगरों एवं शिल्पियों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला कौशल विकास शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मार्तियां इत्यादि का प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी करके मिट्टी के बर्तन बनाकर जीविकोपार्जन करने हेतु वित्तीय वर्ष-2024-25 में जनपद-प्रयागराज को प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है।अतः माटीकला के परम्परागत इच्छुक कारीगर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष की है, वह अपना आवेदन पत्र निम्न संलग्नकों (आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, रासन कार्ड, ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी का कार्य से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र एवं शैक्षिक योग्यता) के साथ आवेदन पत्र कार्यालय-जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, विकास भवन परिसर प्रयागराज से प्राप्त कर किसी भी कार्य दिवस में दिनॉक-28.06.2024 तक जमा कर सकते है।

## नैनी में भीषण गर्मी के कारण युवक की मौत

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सोमवार को खीरी थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी मुकेश प्रताप सिंह उर्फ रिंकू (40) पुत्र लाल सुधाकर सिंह वह किसी कार्य हेतु सोमवार को नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकरघुनाथ आशा हॉस्पिटल के समीप आए हुए थे। उनका शव हॉस्पिटल के पीछे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने युवक को पीएम के लिए भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी की वजह से उसकी मौत हुई है। युवक के चार बच्चे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा की मौत कैसे हुई। वहीं परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पलरा विकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पलरा बिकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 19/06/2024 से 25/06/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26/06/2024 को 02 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**सुमित कुमार प्रजापति**
**ग्राम प्रधान पलरा**
**विकास खण्ड सरसवा**
**जनपद कौशाम्बी**

**आदित्य सिंह**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पलरा विकास खण्ड**
**सरसवा जनपद कौशाम्बी**


# महापौर प्रयागराज ने विभिन्न स्थानो पर बने नालों का निरीक्षण कर सफाई करने का दिया आदेश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मंगलवार को उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर प्रयागराज द्वारा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत में जलप्लावन न उत्पन्न होने के दृष्टिगत सदर बाजार नाला,धोबीघाट नाला व आशा हास्पिटल नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि अहमद अली, संतोष कुमार सिंह, दीपेन्द्र यादव अपर नगर आयुक्त, डा0 अभिषेक नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अनिल कुमार मौर्या,नगर अभियन्ता व राम सक्सेना अवर अभियन्ता आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सिविल लाइंस धोबीघाट चौराहे से चौधरी चुन्नी हलवाई के पीछे से धोबी घाट होते हुये रानी रेवती देवी स्कूल के पास तक के नाले का निरीक्षण किया गया पूरा नाला गन्दगी से पटा पाया गया तथा पानी का बहाव अवरूद्ध पाया गया। नाला अन्तिम छोर से नहीं सफा कराया जा रहा था। जबकि इसके लिये सम्बन्धित ठेकेदार महन्त लाल यादव को आदेशित भी किया गया था। कार्य होता पाया गया। कम संख्या में मजदूर लगाये गये थे जो मानक के अनुरूप नहीं थे। हीरा हलवाई के पास का नाला सिल्ट से भरा पाया गया पानी का बहाव अवरूद्ध पाया गया । वर्षा होने पर जलप्लावन की स्थिति उत्पन्न होगी। कार्य नहीं लगा था। गंगा नगर में म्योर रोड गंगा मेमोरियल स्कूल से आर्दश ज्योति स्कूल तक का नाला सिल्ट व गन्दगी से पटा पाया गया। कार्य नहीं लगा था। अशोक नगर में म्योर रोड क्रासिंग से श्रीचन्द्र के घर से पत्रिका देवी स्कूल के आगे तक का नाला सिल्ट व गन्दगी से भरा पाया गया पानी का बहाव अवरूद्ध था। कार्य नहीं लगा था। सिविल लाइन्स में मुख्य न्यायाधीश आवास से न्याय मार्ग क्रासिंग व पानी की टंकी चौराहे तक का नाला सिल्ट व गन्दगी भरा पाया गया। कार्य नहीं लगा था। दुर्गा पूजा मोड़ से इन्द्रपाल के घर होते हुये कछार तक का नाला पूरी तरह से कच्चा मलवे सिल्ट व गन्दगी से भरा पाया गया । इसकी सफाई का कार्य न तो जनकार्य विभाग से किया जा रहा है और न ही स्वास्थ्य विभाग से। पानी का बहाव अवरूद्ध है महापौर द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वर्षा ऋतु से पूर्व उक्त नालो की सफाई त्वरित गति से की जाय तथा नगर आयुक्त को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित फर्मो पर रू0 50,000/- का जुमार्ना लगाया जाय व सम्बन्धिता अवर अभियन्ता सहायक अभियन्ता को चेतावनी जारी करते हुये स्पष्टीकरण की मांग की जाय इसके अतिरिक्त सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये जाय कि वह अपने जोनों में स्थित सभी नालों की सफाई का कार्य अपने निरीक्षण में त्वरित गति से कराना सुनिश्चित करें। सफाई होने वाले नाले की सिल्ट 48 घंटे में प्रत्येक दशा में नाले के बगल से हटा लिया जाय। नालों की सफाई में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय जिससे शहर को जल प्लावन की स्थिति न उत्पन्न होने पाये। जल प्लावन की स्थिति उत्पन्न होने पर उसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी की होगी।

## करेली में युवक ने फांसी लगाई

**प्रयागराज।** करेली में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि 60 फीट रोड स्थित एक मकान में 35 वर्षीय दिलशाद पत्नी शहनाज और दो बच्चों के साथ किराये पर रहता था। वह पेंटिंग का काम करता था। रविवार रात सब कुछ सामान्य था। रात में भोजन के बाद सभी लोग छत पर चले गए। रात में अचानक दिलशाद कमरे में आकर फांसी लगा ली। सोमवार सुबह पत्नी जगी तो दरवाजा अंदर से बंद था। रोशनदान से देखा तो होश उड़ गए। दरवाजा तोड़कर उसके शव को फंदे से नीचे उतारा गया। करेली पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सिविल लाइंस में पकड़े गए दो जहरखुरान

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस पुलिस ने जहरखुरानी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रतापगढ़ निवासी सियाराम और दिनेश को गिरफ्तार किया। इनके पास से 1150 रुपये और दो मोबाइल बरामद किया है। सिविल लाइंस बस अड्डे पर एक यात्री को शिकार बनाया था।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कोरीपुर विकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोरीपुर बिकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 19/06/2024 से 25/06/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26/06/2024 को 01 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**केशन प्रसाद चौधरी**
**ग्राम प्रधान कोरीपुर**
**विकास खण्ड सरसवा**
**कौशाम्बी**

**राजीव पाल**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम कोरीपुर बिकास खण्ड**
**सरसवा कौशाम्बी**

# हनुमान मंदिरों में ज्येष्ठ के आखिरी मंगलवार को हुआ सुन्दरकाण्ड का पाठ

## युवाओं ने राहगीरों को शरबत पिला कर बुझाई प्यास

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क बानेमऊ ग्राम सभा के पूरे महावीर का पुरवा के युवाओं ने इस समय पड़ रही भीषण गर्मी और बदन झुलसा देने वाली तपती दुपहरी में राहगीरों को राहत देने के लिए बानेमऊ तिराहे पर शरबत का स्टॉल लगाया जो सुबह 9 बजे से मीठा ठंडा शरबत वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया जो देर शाम तक चलता रहा जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों ने शीतल जल और शरबत पीकर राहत महसूस किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें सामाजिक कार्यकर्ता गोलू दादा ने कहा इस चिलचिलाती धूप में हर कोई मनुष्य से लेकर जानवर तक गर्मी से बेहाल है हमारा प्रयास है की हम इस परिस्थिति में लोगों को जल पिलाकर पुण्य का फल प्राप्त करें गोलू ने कहा हमारे साथियों ने आवारा जानवरों और पशु पंक्षी के लिए भी प्रतिदिन पानी भर कर उन्हें पिलाने का प्रयास कर रहें है, ताकि इस गर्म मिजाज में बिना जल के किसी को मुश्किलों का सामना न करना पड़ें इस बीच मुख्य रूप से सुधांशु मिश्रा, मोहित मिश्रा, राजेश मिश्रा, अमन, सुमित, राज, सन्नी, शिवांग, हर्ष आदि लोग उपस्थित रहते हुए अपना सहयोग दिया।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को जिले भर के हनुमान मंदिरों में सुंदरकाण्ड का पाठ हुआ। उसके बाद शर्बत पिलाने व प्रसाद वितरण का कार्य दिन भर चलता रहा। शहर में स्टेशन रोड, टक्करगंज, ट्रेजरी चैराहा के समीप, अस्पताल तथा चिलबिला के हनुमान मंदिरों में आज सुबह से दर्शनार्थियों की भीड़ लग गई थी और वहां शर्बत पिलाने और भण्डारा का प्रसाद लेने का कार्यक्रम सुबह से ही शुरु हो गया था जो दिन भर चलता रहा। इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लिये।

चिलबिला के हनुमान भक्तों ने श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर रहे थे। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने श्री हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन सिंगार कर आरती उतारी। सुबह से ही सभी भक्तों के लिए शरबत का वितरण किया जा रहा था एवं



राहगीरों को शर्बत पिलाते समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य।

## शर्बत पिलाने व प्रसाद बांटने का दिन भर चलता रहा क्रम

सुंदरकांड का पाठ कर भक्तों ने प्रसाद वितरण किया। भंडारे का शुभारंभ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा किया गया। शर्बत व भंडारे का आयोजन दिन भर भक्तों द्वारा किया जाता रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष रामगोपाल,शनि महाराज, सोनू महाराज, सूरज उमरवैश्य आरा मशीन, राकेश कुमार, देवानंद, छेदीलाल, संतोष कुमार,प्रभात कुमार, श्याम बाबू, आशीष कुमार,श्रवण कुमार, छोटेलाल सोनी, विजय कुमार,आदर्श कुमार, विवेक कुमार, ऋषभ उमरवैश्य,लाल जी, त्रिभुवन लाल,अमन गुप्ता,दीपक, संजय, किशन लाल, श्याम जी, हर्षित, अनुराग सिंह, पंकज सिंह, रोहित, आशीष, सचिन, विजय, सिद्धार्थ, हरिओम पांडे, कमल ट्रांसपोर्ट कंपनी, गुड्डू, अंकित सिंह, साहिल, अमन, सागर, बच्चा, रघुनाथ, प्रमोद आदि भक्तगण व्यवस्था में लग रहे।

## ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को पूजे गये हनुमतलला, भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह के चैथे मंगलवार को मन्दिरों और घरों में हनुमान जी महराज की पूजा अर्चना में भक्तों को संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलवीरा के सुमिरन में देखा गया। वही बाजारो तथा धार्मिक स्थलों पर भण्डारे में भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद व जगह जगह हुए शरबत वितरण में गला तर किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में रमेश तिवारी व कुसुम तिवारी के संयोजन में सुन्दरकाण्ड के पाठ व सामूहिक हवन में श्रद्धालु भगवान की आराधना में भावविभोर दिखे। यहां आयोजन में बाबा उमाशंकर मिश्र, शोभ नाथ तिवारी, तारा मिश्रा, अरूण पाण्डेय, रामकृष्ण मिश्र, रामबोध शुक्ल, अनिल महेश ने प्रबन्धन में सराहनीय भूमिका निभायी। लालगंज के उदियापुर में हाइवे किनारे स्थित हनुमान जी के मंदिर में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के पाठ में श्रद्धालु उमड़े दिखे। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने किया। वही पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में देवाधिदेव महादेव के श्रृंगार को भगवान बजरंग बली के स्वरूप में भव्यता को श्रद्धालु अपलक निहारते दिखे। यहां महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में हनुमान जी की विशेष आरती में श्रद्धालुओं का समागम दिखा। ज्येष्ठ माह के मंगलवार को लेकर लालगंज समेत बाजारों में राहगीरों तथा श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह हनुमान भक्तों ने शरबत वितरण का भी उत्साहजनक प्रबंधन किया।

## चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना में जानलेवा हमले को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा तोडफोड व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे खरगू कैथौला निवासी शिवशंकर उपाध्याय पुत्र स्व. रामगोपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को वह रानीगंज कैथौला बाजार से सामान खरीदकर घर जा रहा था। थोडी दूर पर ही पहले से लामबंद कलापुर गावं के प्रिन्स सिंह पुत्र बबलू व सुमित पुत्र मलखान एवं सागर तथा संदीप पुत्रगण समरजीत ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीडित ने मना किया तो आरोपी लाठी डण्डे व धारदार हथियार से हमलावर हो उठे। आरोपियों ने पीडित पर प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी गृहस्थी के सामान में तोडफोड करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रिंस समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर आरोपियों ने पीडित को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सांई की कुटी वार्ड निवासी जितेन्द्र सरोज पुत्र रामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को केशवपुर बाजार में कान का पुरवा बेलहा निवासी आरोपी अंकित पुत्र रामलाल तथा गुडडू पुत्र गुलाम सरोज व मनोज पुत्र कैलाश उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। बाजार में लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अन्तू के उ0नि0 कौशलपति मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त विवेचना के दौरान थाना अन्तू के मु0अ0सं0 323/24 धारा 436, 506 भादवि से सम्बन्धित कौशल वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद वर्मा, मुकेश वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद वर्मा नि0गण ग्राम बहेलियापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ एवं मु0अ0सं0 324/24 धारा 436, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त रामकेवल वर्मा पुत्र स्व0 गोपी वर्मा व रामचन्द्र वर्मा पुत्र रामकेवल वर्मा नि0गण ग्राम बहेलियापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## ट्रेन हादसे में मरे यात्रियों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

### जिम्मेदार अधिकारियों को निलम्बित किये जाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सोमवार को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सुबह एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें 9 लोगों की मौत और दर्जनों लोगों की मौत के मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ट्रेन हादसे में जान गवाने वाले यात्रियों के आत्मा के शान्ति हेतु अंबेडकर चैराहे पर कैंडल मार्च निकालकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि इन 10 वर्षो में कई ट्रेन हादसा हुआ लेकिन इस सरकार में कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नही है स हादसा



जान गंवाने वाले यात्रियों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

होने पर पिछली सरकारों में मंत्रियों ने इस्तीफा दिया है। श्री त्रिपाठी ने मांग किया कि जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाय और रेलमंत्री को नैतिकता के आधार पर स्तीफा देना चाहिए। श्री त्रिपाठी ने ट्रेन हादसे में मृतक के परिजनों को 50-50 लाख तथा घायलों को 25-25 लाख रुपए दिए जाने कि मांग किए। कैंडिल मार्च में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह, काशी नारायन मिश्रा, पी सी सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, विजय शंकर त्रिपाठी, डॉ.अजय सिंह,सुधीर तिवारी, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नफीस खान, फिरोज खान, आशीष शुक्ला,सुरेश मिश्रा, विजय प्रताप त्रिपाठी, के.के.शुक्ला, राधेश्याम दूबे, मो.वसीम, विश्वास सिंह, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, देवमणि पाण्डेय, रियाज सुल्तान, नौशाद,ज्ञान, आलम, मो.सईद, जावेद, साहिल आदि उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर चयनित हुए अभिषेक, खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील क्षेत्र के कुम्भीआइमा निवासी मेधावी का चयन उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर होने को लेकर खुशी का माहौल दिखा है। गांव के प्रमोद तिवारी तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। इनके पुत्र अभिषेक की सफलता पर साथियों में भी खुशी देखी गयी है। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी अभिषेक की सफलता को रामपुर खास की मेधा की बड़ी सफलता कहा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, मिथिलेश त्रिपाठी, संजय सिंह, विनोद शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, प्रभात श्रीवास्तव, प्रेमचन्द्र त्रिपाठी, अनूप पाण्डेय, शिवप्रसाद यादव, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद चन्द्र शुक्ल, ओपी जायसवाल, राजेन्द्र मिश्र, शिवमूर्ति यादव, संतोष पाण्डेय, लाल विनोद प्रताप सिंह आदि ने साथी अधिवक्ता के पुत्र की सफलता को अधिवक्ता समाज के लिए गौरवपूर्ण कहा है।

## रानीगंज क्षेत्र में होगा समुचित विकासः एसपी पटेल

### सांसद एसपी पटेल ने रानीगंज विधान सभा का किया दौरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के सांसद शिवपाल सिंह पटेल (एसपी पटेल) ने रानीगंज विधानसभा का दौरा किया। सांसद बनने से पहले रानीगंज विधानसभा में कई जनसभाएं की परंतु सांसद बनने के बाद प्रथम आगमन पर रानीगंज विधानसभा के लोगों में खुशी थी। उन्होंने माला पहनकर उनका स्वागत किया और मिठाइयां खिलाई।

इस मौके पर सांसद शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि हर वह दिक्कत जो संसद द्वारा दूर होगी



सांसद एसपी पटेल का स्वागत करते लोग।

उसको पूरा किया जाएगा रानीगंज विधानसभा को जगमगा दिया जाएगा। पृथ्वीगंज बाजार से होते हुए मिर्जापुर चैराही, नगर पंचायत रानीगंज, चिरकुटी, गाजी का बाग, रामापुर, फतनपुर, शुकुलपुर मोड़, सुहास, केवरा कला, अवधानपुर, बीरापुर जामताली, मेहरौली, दिलीपपुर, कर्मजीतपुर, रखहा में लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कहा कि यह हमारी पहली लड़ाई है अब हमें 2027 की तैयारी जोर-जोर से करना चाहिए। इस मौके पर जावेद अहमद जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र दुबे, राजेश कुमार पटेल, मोहम्मद शमीम प्रमुख, आफताब आलम सभासद, मोहम्मद साहिल ,मोहम्मद मुकीम, शकील भट्टी, राम अभिलाष यादव, भैया राम यादव, आदिल भाई ,इंद्र प्रसाद पटेल, डॉक्टर शेर बहादुर यादव जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद सलीम ,जमील मंसूरी ,विनोद यादव, सुनील विश्वकर्मा ,संतलाल पटेल, वरुण प्रताप सिंह, राजेश यादव ,शमशाद भाई, पन्नालाल पटेल ,उर्मिला यादव विकास यादव ,मोहम्मद अली अमरपाल मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने 1982 के बाद सबसे अधिक समय जिले में रहने का बनाया रिकार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के वर्तमान पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने 1982 के बाद अपने नाम एक नया रिकॉर्ड कायम किया। यूपी के सबसे चर्चित जिलों में से एक प्रतापगढ़ के पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने रिकॉर्ड बनाया। बता दें कि एसपी सतपाल अंतिल ने 1982 का रिकॉर्ड तोड़ा है। मौजूदा पुलिस कप्तान सतपाल अंतील 1071 दिन का कार्यकाल सोमवार को पूरा हो गया। बता दें कि जिले के पुलिस कप्तान सतपाल सिंह अंतिल के नेतृत्व में जिले की पुलिस ने काफी हद तक जिले से अपराध का सफाया कर चुकी है। सतपाल सिंह अंतिल के अगुवाई वाली प्रतापगढ पुलिस ऐसे ही जिले में अपराध पर नियंत्रण बनाए रखने का कार्य कर रही है जो कि असंभव था।

### बीएससी का छात्र लापता परिजन परेशान, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीएससी का छात्र 25 दिन पहले कालेज के हास्टल से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद छात्र का पता नहीं चल सका। हैरान परेशान परिजनों ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव निवासी वेद प्रकाश यादव वाराणसी में उपनिरीक्षक पद पर तैनात है। उनका भाई विशाल यादव मेरठ जिले के सरदार पटेल कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी का छात्र है। वह अचानक 28 मई को कालेज के हास्टल से लापता हो गया है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका अभी तक पता नहीं चल सका। पीड़ित ने इस मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चर्चा है कि छात्र साइबर ठगो का शिकार हो गया है।

## भगवान का जन्म लोकमंगल और धर्म का शंखनादः आचार्य देवव्रत

### श्रीमद् भागवत कथा में भगवान का जन्मोत्सव देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के ढ़िगवस गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी देख महिला श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। कथाव्यास प्रयागराज धाम के आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि धरती पर बढ़ते पाप को असहय देख भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया।

उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म लोकमंगल की रक्षा और पाप से धरती के बोझ को मिटाने के लिए हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनमोहक कथा समझाते हुए आचार्य देवव्रत जी ने बताया कि भगवान को भक्त जिस रूप में जपा करता है भगवान भी उसी रूप



कथा में आरती पूजन करते श्रद्धालु।

में उसे उसी भाव से प्रतिफल दिया करते हैं। उन्होने कहा कि कर्म की सुचिता ही भगवान द्वारिकाधीश की सच्ची आराधना है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर व्यासपीठ से भजन संकीर्तन में श्रद्धालुओं को भी आनंदित देखा गया। श्रद्धालुओं ने भगवान की पालकी के साथ व्यासपीठ का भी पूजन अर्चन किया। कथा के संयोजक समाजसेवी रामप्रताप पाण्डेय व निर्मला पाण्डेय ने श्रीद्वारिकाधीश की आरती उतारी। इस मौके पर आदर्श मिश्र, लल्ले तिवारी, रज्जन मिश्र, प्रभाशंकर शुक्ल, प्रधान राजीव दुबे, अमित शुक्ल, हरीश मिश्र, मुकेश सिंह, रामकुमार पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, राकेश तिवारी, विकास पाण्डेय, अनिल महेश, विकास मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे। सह संयोजक शीतला प्रसाद पाण्डेय, देवप्रताप पाण्डेय तथा संतोष पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया।

### एआरटीओ ने ओवरलोड वाहनों का किया चालान

**प्रतापगढ़।** एआरटीओ दिलीप गुप्ता लगातार जिले भर में डग्गामार वाहन ओवरलोड वाहनों पर कर रहे कार्रवाई। इसी क्रम में लीलापुर थाने इलाके के लीलापुर मे ओवरलोड कई वाहनों का एआरटीओ ने चेकिंग किया और वाहनों का चालान किया। इस दौरान ओवरलोड वाहनों के चालकों में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि ओवरलोड वाहनों पर एआरटीओ दिलीप गुप्ता लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

### दलित महिला की पिटाई को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दलित महिला की पिटाई को लेकर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी के साथ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे छत्तू निवासी उमेश सरोज की पत्नी रेखा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को आरोपी के मवेशी उसके घर में घुसकर गेंहू खाने लगे। पीडिता ने आरोपियो से उलाहना दिया तो आरोपी विजय यादव पुत्र गयादीन तथा सचिन पुत्र विजय उसे जातिसूचक गालियां देने लगे। मना किया तो आरोपियो ने उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी पीडिता को धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विजय समेत तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओ मे सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

## प्रेमिका के घर रात में पैसा देने पहुंचा प्रेमी, जमकर पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रेमिका के बुलावे पर प्रेमी रात बारह बजे पैसा देने उसके घर पहुंच गया। इस दौरान जाग रहे परिजन व आसपास के लोगों उसे पकड़ कर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किसी तरह प्रेमी युवक की जान बचाई। इलाके में इस बात की चर्चा जोरों पर है।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एक इलाके के युवक से इंस्टाग्राम व फेसबुक के जरिए प्रेम हो गया। इस दौरान प्रेमी युवती ने युवक से कुछ पैसे की बात की तो प्रेमी युवक पैसा देने रविवार रात बारह बजे करीब उसके घर पहुंच गया। गर्मी के चलते उस दौरान परिजन जाग रहे थे और को चोर समझकर पकड़ लिया तथा शोर मचा दिया। हल्ला गुहार पर जुटे आसपास के लोगों व परिजनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी तथा घटना की सूचना पुलिस को दी।

### इंस्टाग्राम पर दोनों को हुआ था प्यार, पुलिस ने कराया मेडिकल

मौके पर पहुंची पुलिस प्रेमी युवक को थाने लेकर चली गई तथा रात में उसका सीएचसी बेलखरनाथ धाम में मेडिकल कराया। सोमवार को मामले की चर्चा इलाके में जोरों पर रही। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि युवक का मेडिकल कराया गया है तथा परिजन को सूचना गई। वह लोग आएं और युवक को लेकर घर चलें गए तहरीर नहीं दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के कटरा मेदनीगंज चौकी अन्तर्गत कटरा इंद्रकुंवर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। विवाहिता की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी। विवाहिता की मौत की सूचना पर कटरा मेंदनीगंज चौकी इंचार्ज मृत्युंजय पाण्डेय हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा। विवाहिता की मौत पर उसके भाई राजकुमार ने कटरा मेदनीगंज चौकी में तहरीर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# डग्गामार तेज रफ्तार बस पलटने से दर्जनों यात्री लहूलुहान

## ओवरटेक के चक्कर में अनियंत्रित हुई प्राइबेट बस से चालक के चलती बस से कूद जाने से पलटी बस

अखंड भारत संदेश






**कौशांबी।** उत्तरप्रदेश सरकार के नियम कानून के बिपरित बिना परमिट के अधिकारियों के रहमोकरम के परमिट पर मंझनपुर से प्रयागराज की सड़क पर तेज रफ्तार से प्राइवेट बस दौड़ रही है मंगलवार को फिर कोखराज थाना क्षेत्र के रोही के पास एक डग्गामार बस बिना परमिट के अनियंत्रित होकर पलट गई है बस के अनियंत्रित होते ही चालक चलती बस से कूद गया है जिससे बस पलट गई है सवारी से बस खचाखच भरी थी जिससे बस के नीचे सवारियां दब गई है और मौके पर चीख पुकार मच गई है बस में सवार तीन दर्जन से अधिक सवारियों को चोट आई है दर्जनों लोगों को गंभीर चोटें आई है जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और आनन फानन में कई एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना मिलते ही यात्रियों के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं इस रूट पर चलने वाली बस के पास परमिट नहीं है बिना परमिट के चलने वाली बस के संचालक को रोकने के लिए योगी सरकार ने कई बार निर्देश दिया है लेकिन योगी सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी डग्गामार बस का संचालन कौशांबी का प्रशासन नहीं रोक सका है जिनका खामियाजा मंगलवार को फिर देखने को मिला और बस पलट जाने से उसमें सवार दर्जनों यात्री घायल हो गए मंगलवार की दोपहर मंझनपुर से सवारी लेकर बिना परमिट की प्राइबेट बस इलाहाबाद को जा रही थी खचाखच यात्रियों से भरी बस भरवारी नगर पालिका परिषद के रोही ओवर ब्रिज के पास ओवरटेक के चक्कर में अनियंत्रित हो गयी बस के अनियंत्रित होते ही यात्रियों को मौत के मुँह में धकेल कर चालक ने चलती बस से कूद कर अपनी जान बचा ली लेकिन बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर पलट गई जिससे बस में बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए बस पलटने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुँचे सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस को फोन कर गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है

### अवैध बस संचालकों से क्या रिश्ता

**कौशाम्बी** प्राइवेट बस पलटने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं इस प्राइवेट बस का जिस रूट से संचालन होता है उस क्षेत्र में सात पुलिस थाने और कई पुलिस चौकियां पड़ती हैं दो जिले के एआरटीओ और यातायात पुलिस का भी क्षेत्र पड़ता है लेकिन किसी ने भी मंझनपुर से चलने वाली दो दर्जन अवैध प्राइबेट बस पर कार्रवाई नहीं की है इन अफसरों का अवैध बस संचालकों से क्या रिश्ता है यह बड़ी जांच का विषय है



# खाई में गिरी अनियंत्रित बाइक एक की मौत एक घायल

**साथी के साथ अपने ससुराल गया था बाइक सवार युवक**

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महगाव के जीटी रोड पर बड़ौदा यूपी बैंक के पास अनियंत्रित होकर बाइक सवार बाईक समेत खाई में गिर गया बाइक पर सवार दो युवक में एक की मौत हो गयी एक गम्भीर रूप से घायल है मृतक युवक की पहचान बजरंगी उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व राम मनोहर निवासी ग्राम चिराइया नारा थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है बाइक पर पीछे बैठे युवक को भी गम्भीर चोट आई है जिसकी पहचान लवकुश मौर्या निवासी चिराइया नारा थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज के रुप में हुई है बाइक सवार दोनो युवक बजरंगी के ससुराल ग्राम पन्नोई थाना संदीपन घाट घूमने गए थे वापस अपने घर चिरैया नारा जाते वक्त बाइक लेकर युवक खाई में गिर गए ।घायल युवक को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है। मौके पर परिजन पहुंच चुके हैं घटना का कारण तेज रफ्तार और शराब के नशे में बाइक चलाना बताया जा रहा है।

## प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुधारते हुये प्रशिक्षणार्थियों को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराने के निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में उ.प्र. कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) तैयार किये जाने के लिए जिला कौशल समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुधारते हुये प्रशिक्षणार्थियों को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 मे प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऐसे कोर्सों के चयन का सुझाव दिया जाय, जिससे जनपद के युवाओं को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराया जा सकें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला कौशल समिति के सदस्य एवं अनुबन्धित संस्थाओं के प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड स्तर पर खुलेंगे वन स्टॉप शॉप

**कौशाम्बी।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में उ0प्र0 सरकार द्वारा किसानों एवं कृषि स्नातकों की उन्नति के लिए वन स्टॉप शॉप योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर खुलने वाले इस केन्द्र पर जहां एक छत के नीचे किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर खाद, बीज, दवा मिलेंगी, वहीं किराये पर लघु कृषि यंत्र भी मुहैया करायी जायेंगी। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि कृषि विभाग द्वारा प्रयोग किये जाने वाले वन स्टॉप शाप में किसानों को मृदा परीक्षण की सुविधा मुहैया कराई जायेंगी तथा उर्वरकों को प्रयोग की संस्तुति की जायेंगी। उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोयुट्रियन्ट वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक रसायन तथा जैव कीटनाशक सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति होगी। लघु कृषि यंत्रों को यहां किराये पर भी उपलब्ध कराया जायेंगा, प्रसार सेवाओं तथा कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन का भी कार्य होगा। वन स्टॉप शॉप का मालिकाना हक कृषि स्नातको को ही मिलेंगा। वन स्टॉप शॉप के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की अर्हता-अभ्यर्थी जनपद का मूल निवासी हो तथा किसी मान्यता प्राप्त विशवविद्यालय से कृषि स्नातक/ कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/ स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियां, जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी हो, जो आईसीएआर/ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हो पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर भी विचार किए जायेगा, तथा अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति व महिलाओं को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट अनुमन्य है तथा जिनकी जन्म तिथि पहले होगी उनको वरीयता दी जायेगी।वन स्टॉप शॉप के लिए अभ्यर्थी को रू0 01 लाख मात्र स्वयं खर्च करने होंगे तथा रू0 05 लाख मात्र बैंक से ऋण मिलेंगा। इस प्रकार कुल योजना की लागत रू0 06 लाख मात्र होगी। वन स्टॉप शॉप हासिल करने वाले कृषि स्नातकों को सरकार की ओर से खाद, बीज एवं कृषि रसायनों की बिक्री का लाइसेंस की प्रतिपूर्ति ग्रामीण/शहरी क्षेत्र की दर से दिया जायेंगा साथ ही बैंकों से प्राप्त होने वाले रू0 05 लाख पर ब्याज पर अनुदान रू0 60 हजार तीन वर्षों के प्रस्तावित कार्य के लिए दिया जायेंगा। वन स्टॉप शॉप परसिर का किराया पर 50 प्रतिशत प्रतिमाह अधिकतम रू0 1000 प्रतिमाह की दर से 12 महीनें का रू0 12 हजार अनुदान देय होगा। कृषि विभाग द्वारा चयनित कृषि स्नातकों को व्यवसाय के निमित्त समेती रहमानखेड़ा, लखनऊ/आर0से0टी0 के द्वारा कम से कम 13 दिन का प्रशिक्षण कराया जायेंगा।

## प्रधानमंत्री ने कौशाम्बी के किसान सम्मान निधि योजना के एक लाख 77 हजार 652 लाभार्थियों के खाते में 17वीं किस्त किया ऑनलाइन हस्तान्तरित



**कौशाम्बी** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम में 9.3 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त किसानों के खाते में सीधे ऑनलाइन हस्तान्तरित किया गया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित किसानों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। उप कृषि निदेशक सतेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जनपद कौशांबी के कुल एक लाख 77 हजार 652 पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के खाते में 17वीं किस्त सीधे ऑनलाइन हस्तान्तरित किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी,उप निदेशक कृषि सतेन्द्र कुमार तिवारी व जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम तथा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गिरीश चंद्र पांडेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं किसानगण उपस्थित रहें।

# न्यूज झरोखा

### बाइक सवार ने ई रिक्शा में मारी टक्कर महिला की दबकर मौत



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज चौराहे पर एक बाइक सवार ने ईरिक्शा में जोर दार टक्कर मार दिया जिससे ई रिक्शा पलट गया ईरिक्शा के पलट जाने से उसमें सवार एक महिला ई रिक्शा के नीचे दब गयी जिससे महिला को गम्भीर चोट लग गयी बाया पैर टूट गया ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया बाइक सवार मौके से फरार हो गया कोखराज ग्राम की सोनम पुत्री कंचन कुशवाहा की शादी एक वर्ष पूर्व कनैली ग्राम के बब्लू कुशवाहा के साथ शादी हुई हैं महिला अपने मायके कोखराज में घूमने व इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने ई रिक्शा से गयी थी टक्कर के बाद ई रिक्शा पलट जाने से सोनम की मौत हो गई है जानकारी मिलने पर परिवार के लोग रोते बिलखते पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से परा स्नातक के बच्चो को टैबलेट बाटा गया



**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत बी एस मेहता डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से कॉलेज में पढ़ रहे छात्र एवम छात्राओ को उनको पढ़ने के लिए टैबलेट बाटा गया ' बता दे कि बी एस मेहता डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रबोध कुमार श्रीवास्तव के अनुपस्थित में उनके पिता एवम पूर्व प्रोफेसर डॉ सुशील कुमार श्रीवास्तव को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया जिनके आगमन के बाद कॉलेज के ही परस्नातक के छात्राओ एवम छात्र को टैबलेट बाटा गया जिसको पाकर सभी बच्चों का चेहरा खिल उठा ' इसी क्रम में अपने ही कॉलेज के परस्नातक के छात्र एवम फर्स्ट टाइम में नेट क्वालिफाइड करने वाले एवम अपने कॉलेज का नाम रोशन करने वाले छात्र प्रखर सक्सेना को टैबलेट देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर आशिर्वाद देते हुए डॉ सुशील श्रीवास्तव साथ में डॉ नीति मिश्रा डॉ अरुण कुमार सिंह एवम विष्णु चौरसिया मौजूद थे प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव आज प्रयागराज किसी कॉलेज का निरीक्षण करने गए थे '

### महिला की इलाज के दौरान मौत



**कौशांबी** बैंक ऑफ बड़ौदा करारी के पास 17 जून को बीमार हालत में रोड के किनारे एक महिला पड़ी थी जिसे एंबुलेंस से पुलिस ने जिला अस्पताल मंझनपुर भेजा था। जहां इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई है महिला के दाहिने हाथ में गुलाब का फूल और मोर गुदा हुआ है पुलिस में महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है महिला की शिनाख्त करारी थाना क्षेत्र के सादिकपुर सेमरहा गांव के बाबूलाल की पत्नी पचनी देवी के रूप में हुई है महिला अपनी बेटी कौशल्या से मिलने उसके ससुराल काशिया मूरतगंज गयी थी सोमवार की सुबह 11:00 बजे वह वापस अपने घर जा रही थी रास्ते में उसकी तबीयत खराब हो गई इलाज में मौत हो गई है परिवार के लोगों ने पहचान कर लिया है।

### मंदिर समित द्वारा पिलाया गया मीठा जल



**कौशांबी** नगर पंचायत सराय अकिल चंद्रशेखर पार्क के पास दुर्गा मंदिर में भीषण गर्मी के कारण मंदिर समित के द्वारा मंगलवार एकादसी को मीठा जल पिलाया जा रहा है मार्केट में आने जाने वाले सभी छोटे बड़े लोगो को रोक कर मीठा पानी पिलाया गया नगर पंचायत सराय अकिल क्षेत्र का केंद्र बिंदु माना जाता है सराय अकिल कस्बे में बड़े दूर दूर से लोग मार्केटिंग करने के लिए आते है प्रचंड गर्मी में प्यासे लोग माता जी के मंदिर के पास से गुजरते समय मीठा एवम ठंडा जल पी का अपनी प्यास बुझाते हुए अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए मार्केट के अंदर जा कर मार्केटिंग करते है समित के कार्य कताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ लोगो को बुला कर मीठा जल पिला कर उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति प्रदान करते हुए लोगो की सेवा करते हुए जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है इस दौरान कपिल पांडे संदीप साहू अंकित पंकज एवम शुभम एवम अन्य समाज सेवी लोग उपस्थित रहे ।

### व्यापारी के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़

**मनौरी कौशाम्बी** मनौरी कस्बे के व्यापारी की दुखद मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार में कस्बे के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है हर आंखें नम थी और नम आंखों से लोगों ने व्यापारी को अंतिम विदाई दी है राजेश केसरवानी गुड वाले के बड़े भाई राम चंद्र केशरवानी उम्र 60 वर्ष निवासी जनका बहुत दिनो से बीमार चल रहे थे इलाज के दौरान मंगलवार को उनका देहांत हो गया मौत की जानकारी मिलते हैं उनके घर पर परिवार रिश्तेदार का मजमा लग गया उनका अंतिम संस्कार मंगलवार की दोपहर 3:00 बजे उजीहिनी गंगा घाट पर सैकड़ो लोगों की उपस्थिति के बीच हुआ

### भाजपा को लोकसभा चुनाव नतीजों की उत्तर प्रदेश के संगठन एवं उत्तर प्रदेश सरकार की समीक्षा करनी चाहिए : विपुल त्रिपाठी



**कौशाम्बी** सवर्ण समाज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय सह प्रभारी तथा केसरिया जागृति मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष (युवा) विपुल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हाल ही में आयें लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा उत्तर प्रदेश सरकार एवं उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन को करनी चाहिए और जनता के मन को टटोलते हुए संगठन एवं सरकार मे बदलाव के साथ अपने नेताओं के व्यवहार में ही परिवर्तन लाने का निर्देश देना चाहिए,इस चुनाव में उत्तर प्रदेश के कई मंत्रियों की हार एवं उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रियो के गृह जनपद की सीट हारने की वजह पर विचार होना चाहिए और बदलाव ऐसा हो कि जनता मे बदलाव की छवि दिखे, विपुल ने कहा कि उत्तर प्रदेश अभी और बदलाव की आवश्यकता है।

### अधेड़ का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटकता मिला शव



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चकिया गांव में सोमवार की रात किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। चर्चा है कि घरेलू कलह से आजिज आकर किसान ने खुदकुशी की है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। चकिया निवासी 52 वर्षीय लालता प्रसाद पुत्र बुदुन किसान था। पखवाड़े भर पहले उसकी मां की मौत के बाद से वह गुमसुम रहने लगा। चर्चा है कि मां की मौत के बाद संपत्ति के बंटवारे को लेकर भी परेशान रहता था। सोमवार की रात परिजनों के साथ भोजन करने के बाद छत पर सोने के लिए चला गया। सुबह किसान का शव घर के भीतर कमरे में फांसी से लटकता मिला। अधेड़ के मौत की खबर सुनते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किसान की मौत से पत्नी सुनीता देवी, बेटे सचिन के साथ परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। इंस्पेक्टर जेपी शर्मा ने बताया कि घटना खुदकुशी की प्रतीत हो रही है। तहरीर मिलने व जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भट्ठा मजदूर का निकला रेलवे फाटक के पास मिला शव

**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में रेलवे फाटक के बगल में तीन दिन पहले एक व्यक्ति का अज्ञात शव मिला था जिसको पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था उस समय शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी तीन दिन बाद मृतक की शिनाख्त बंसी उम्र 32 वर्ष पुत्र सदरी उर्फ छोटका सरोज निवासी विदनपुर थाना कोखराज के रूप में हुई है मृतक बंशी क्षेत्र के तारिक ईट भट्ठा में अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करता था उसकी पत्नी अभी भी उसी भट्टे में काम कर रही हैं भट्ठा मजदूर 3 दिन पहले गायब हो गया था मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी लेकिन कहीं सुराग नहीं लग रहा था अज्ञात लाश मिलने के बाद भी कुछ जानकारी नहीं मिल रही थी तीन दिन बाद युवक के शव की शिनाख्त हुई है युवक की मौत कैसे हुई यह रहस्य अभी बना हुआ है

### तीन कछुआ और खाल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कौशांबी,**कड़ाधाम पुलिस ने तीन कछुआ और कछुओं की खाल के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है कुछ कछुआ तसजर पुलिस को देखकर फरार हो गए है जिनकी तलाश पुलिस कर रही है जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर रणजीत सिंह की टीम ने कछुआ तस्करों को गंगा की कछार में दौड़कर पकड़ा है पुलिस अभियुक्तों से पूछताछ में जुटी है।

### 06 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना पिपरी और थाना पश्चिम शरीरा से 06 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है ।थाना पश्चिम शरीरा पुलिस थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 63/16 धारा 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 से सम्बन्धित 04 वारंटी अभियुक्तों 1. राम करन उर्फ जय करन पुत्र सूरजा रैदास 2. शिवकरन पुत्र सूरजा 3. सिरी पुत्र नत्थू 4. सरोज पुत्र जग्गू पासी नि०गण पश्चिम शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह थाना पिपरी पुलिस उ०नि० चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 120/12 धारा 342/323/504/506 भादवि से सम्बन्धित 02 वारंटी अभियुक्तों 1. छोटू पुत्र अमीर बेहना 2. नासिर अहमद पुत्र अमीर बेहना नि० गण चायल थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।विधिक कार्यवाही के पश्चात सभी 6 अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

### थाना मंझनपुर और थाना चरवा पुलिस ने 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर और थाना चरवा पुलिस ने 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० शैलेन्द्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 178/24 धारा 354ख/ 323/ 504/506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त रंजीत कमार यादव पुत्र राम चरन नि० अदमापुर मजरा फतेहपुर बेला थाना मंझनपुर को देवखरपुर नहर पुलिस के पास से गिरफ्तार किया गया। इसी तरह थाना चरवा पुलिस उ०नि० विपलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 121/24 धारा 363/366 भादवि से संबन्धित वांछित अभियुक्त ओम प्रकाश पुत्र भजन लाल सरोज नि० सेखपुर रसूलपुर थाना चरवा को बबुरा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेजा गया।

# निष्कपट भाव से शिवजी को जल चढ़ाएंगे तो जरूर मिलेगा फल : ओम ओझा महराज



**कौशाम्बी।** कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट आमाकुआं में चल रहे शिव महापुराण के सातवें एवं अंतिम दिवस में कथा वाचक डॉ ओम ओझा जी महराज ने श्रोताओं को बताया कि हे सनातन प्रेमियों भगवान शिव सर्वगामी है जिनका न कोई आकर और निराकर रूप दोनो है जो शिव पुराण 18 महापुराणों में से एक है. शिव पुराण में 7 संहिता हैं और कुल 24 हजार श्लोक में शिवजी की कथा, पूजा की विधि, शिवलिंग की पूजा का रहस्य समाहित है. पुराण में बताया गया है कि सृष्टि के आरंभ में शिवजी ने सौ करोड़ श्लोकों से सभी पुराणों की रचना की थी. द्वापर युग में महर्षि वेदव्यासजी ने इन पुराणों को संक्षिप्त करके 18 भागों में बांट दिया था शिव पुराण में शिवलिंग की पूजा का रहस्य और शिवरात्रि के महत्व का जो वर्णन किया गया है वह हर शिव भक्त को जानना चाहिए. जिस भक्त ने इस शिवलिंग की पूजा का रहस्य और शिवरात्रि के महत्व को जाना वह शिवजी का प्रिय भक्त होकर शिव का हो गया है . इसलिए शिवलिंग की पूजा का रहस्य और शिवरात्रि के महत्व को ध्यान पूर्वक सभी मनुष्य को जानना चाहिए और इस कथा को सुनना पढ़ना चाहिए सगुण और निर्गुण दोनों रूपों में पूजा करनी चाहिए इस लिए निष्कपट भाव से शिवजी को जल चढ़ाएंगे तो फल जरूर मिलेगा और जीवन धन्य हो जाएगा। कथा वाचक ओम ओझा जी महराज ने सत्यव्रत और त्रिशंकु की कथा सुनाते हुए श्रोताओं को बताया कि त्रिबन्धन का पुत्र सत्यव्रत था, जो त्रिशंकु नाम से विख्यात है। चूँकि उसने विवाह के समय ब्राह्मण की पुत्री का अपहरण किया था, इसलिए उसके पिता ने उसे चाण्डाल बनने का श्राप दिया, जो शूद्र से भी निम्न है। तत्पश्चात, विश्वामित्र के प्रभाव से वह अपने भौतिक शरीर में उच्च ग्रह मंडल, स्वर्गीय ग्रहों पर चला गया, लेकिन देवताओं के पराक्रम के कारण वह नीचे की ओर गिर गया। फिर भी, विश्वामित्र की शक्ति से वह पूरी तरह नीचे नहीं गिरा; आज भी उसे सिर नीचे करके आकाश में लटका हुआ देखा जा सकता है। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक कौशांबेश्वर संकट मोचन ट्रस्ट संस्थापक बाबा बुद्धनदास , आचार्य अशोक ओझा, उपाध्यक्ष संरक्षक राजू केशरवानी, मानस मिश्रा,अनिल कुमार ,कौशिक अग्रहरि, विकास अग्रहरि,सचिव अंकित केशरवानी, चित्रकूट के संत खत्री बाबा, संदीप कुमार सिंह,रमेश पाल ,रज्जन महराज जी,के साथ साथ आमाकुआं के सनातन प्रेमियों के साथ सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के कार्यकताओं सहित क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप के त्याग को भुलाया नही जा सकता.: बीके सिंह पूर्व आईएएस

**कौशाम्बी में हल्दीघाटी विजय दिवस पर क्षत्रियों का उमड़ा जन सैलाब, शहीद विजय सिंह स्मारक डिग्री कालेज पूरामुफ्ती में अखिल क्षत्रिय महासभा का सम्मेलन हुआ सम्पन्न**




**कौशाम्बी** अखिल क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में हल्दी घाटी विजय स्मृति दिवस का आयोजन 18 जून को शहीद कैप्टन विजय प्रताप सिंह स्मारक डिग्री कॉलेज जुनैद पुर सैयद सरावा में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के प्रख्यात विद्वान वर्तमान व पूर्व जन प्रतिनिधि एवं समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही। गौरतलब हो कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 25 जनपदों से पदाधिकरी और कार्यकर्ता शामिल हुए।अखिल क्षत्रिय महासभा के संरक्षक पूर्व आईएस अधिकारी बी के सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में क्षत्रियों ने त्याग और समर्पण के बल पर अपना स्थान बनाया है बस जरूरत है कि आने वाली नई पीढ़ियों को अपने इतिहास के साथ उच्च आदर्श व संस्कारों की भी शिक्षा दिया जाए जिससे हमारे समाज का गौरवशाली इतिहास कायम रह सके बीके सिंह ने मंगलवार को पूरामुफ्ती में अखिल क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित हल्दी घाटी विजय स्मृति दिवस के सम्मेलन मे बतौर मुख्य अतिथि कहा उन्होंने कहा कि समाज जब अपने गौरवशाली इतिहास को देखता है तो लगता है कि आने वाली पीढी को और संघर्ष करना होगा ।यह संघर्ष देश के हर क्षेत्र में करने की जरूरत है । महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति कुमार सिंह ने क्षत्रियों के मनोबल को बढ़ाते हुए कहा कि आज हमारे समाज के लोग हर क्षेत्र में तरक्की कर रहे है लेकिन एक जुटता का आभाव है। एकजूटता के अभाव में समाज को इसका फायदा नही मिल पा रहा है । सरकार से मांग किया कि सेवा में योग्यता के आधार पर चयन किया जाए जिससे देश की तरक्की और तेजी से हो सके। प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह टेवा ने मुगलों व राणा प्रताप के बीच हुए युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि जब अकबर ने महाराणा प्रताप के हाथी राम प्रसाद को पकड़वा लिया उसे मनपसंद चीजें दी गई लेकिन हाथी ने उसे नही खाया बाल्कि उसने अपने प्राण त्याग दिए । तो अकबर ने राणा प्रताप की तरीफ करते हुए कहा कि जिसके हाथी इतने वफावाद है उसे हरा पाना मुश्किल काम है। इसलिए क्षत्रिय अपने स्वाभिमान के लिए जाना जाता है।उन्होंने कहा की भारतीय इतिहास में साहस और वीरता का प्रतीकः हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में साहस और वीरता का एक प्रतीक बन गया है।महाराणा प्रताप की वीरता और उनके युद्ध कौशल के किस्से आज भी लोकप्रिय हैं। वह भारतीय इतिहास में एक ऐसे नायक के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया कार्यक्रम का संचालन महासभा के महामंत्री देवेन्द्र सिंह मनोज ने किया। बैठक में डॉक्टर कमलाकर सिंह रत्नेश सिंह प्रिंस विजय सिंह राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह राघवेंद्र सिंह, राज अरविंद सिंह बघेल ,आरपी सिंह सूर्यवंशी राजकुमार सिंह,रामानुज सिंह, विजय सिंह, भानु प्रताप सिंह,दिलीप सिंह ,भारत सिंह,दीपक सिंह, महेंद्र सिंह रामसागर सिंह अकबर सिंह राजेश्वर सिंह शिव नरेश सिंह विवेक सिंह बसंत सिंह निखिल सिंह राज बेटा गब्बर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# बौद्धिक आतंकवादियों के चंगुल में परीक्षा तंत्र

अपकृत्य बुद्धिमतो दूरस्थोस्मीति नाश्वसेत, दीर्घौ बुद्धिमतो बाहुयाभ्यां हिंसति हिंसितः ॥ (विदुरनीति, अध्याय-6)। उपरोक्त श्लोक में विदुर जी कहते हैं कि बुद्धिमान पुरूष की बुराई करके इस विश्वास पर निश्चिंत नही रहना चाहिए, कि मै दूर हूँ। बुद्धिमान पुरूष की बॉहें बहुत लम्बी होती हैं, किसी के द्वारा सताये जाने पर वह उन्ही से हिंसात्मक बदला लेता है। यह श्लोक आज भी सामयिक है। भारत की मेधावी युवा शक्ति अक्सर रोष में आ जाती है। कभी कोई पेपर लीक हो जाता है तो कभी कभी कोई परीक्षा रद्द हो जाती है। वर्तमान में नीट का एक बड़ा घोटाला सामने आया है। उच्चतम न्यायालय ने भी इस पर संज्ञान लिया है। बार बार पेपर लीक और परीक्षा रद्द वाले कोई सामान्य लोग नहीं हैं। यह आर्थिक और राजनीतिक रूप से सक्षम लोग हैं। यह वह लोग हैं जो किसी न किसी रूप में तंत्र का उपयोग करके धन कमाते हैं। सामान्य नागरिक के हितों का शोषण करते हैं। फिर इस धन के माध्यम से राजनीतिक व्यवस्था में अपना प्रभाव बढ़ा लेते हैं। घोटाले के माध्यम से प्राप्त धन से बड़े बड़े राजनीतिक पद प्राप्त कर लेते हैं और पीड़ित लोगों के सामने अहंकार से अट्टहास करते दिखते हैं। ये बौद्धिक आतंकवादी भारत की आंतरिक अखंडता के लिए विदेशी शक्तियों से ज्यादा खतरनाक हैं। इन लोगों से पीड़ित वर्ग, चाहें वह मेधावी युवा शक्ति हो या सामान्य व्यक्ति, जब इन लोगों के खिलाफ कोई आवाज उठाता है तो वह असामाजिक तत्व की श्रेणी में आ जाता है।

व्यवस्था के द्वारा दी गयी चोट बौद्धिक स्तर पर लगती है। आत्मसम्मान, स्वाभिमान एवं भावनात्मक स्तर पर हुआ कोई गंभीर प्रहार बौद्धिकता को आतंकवाद की ओर कब मोड़ देता है, इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं। भारत के राष्ट्रवाद की भावना को इतना खतरा वाह्य शक्तियों से नही है, जितना कि आंतरिक असंतोष से है। वाह्य शक्तियों को सुरक्षा बलों द्वारा नियंत्रित कर लिया जाता है किन्तु आंतरिक असंतोष किस हद तक घातक हो सकता है उसकी कल्पना करके तो देखिये। मेधावी युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र के लिए करना चाहता है किन्तु बौद्धिक स्तर पर आहत होने पर वह ऊर्जा विध्वंसक हो सकती है। भारतीय संविधान सभी नागरिको को समानता का अधिकार देता है किन्तु बौद्धिक आतंकवादियों का भ्रष्टाचार सामान्य नागरिक से यह अधिकार छीन लेता है। भ्रष्टाचारी इतना पैसा कमा लेता है कि वह सब कुछ खरीदने की स्थिति में आ जाता है। अब चाहे भौतिक सुविधायें हों या व्यवस्था, वह धन से सब खरीद रहा है। ईमानदारी को मुंह चिढ़ा रहा है। ईमानदार अपना पेट नही भर पाता जबकि भ्रष्टाचारी दावतों में लिप्त रहता है। बौद्धिक आतंकवादियों का भ्रष्टाचार सबसे ज्यादा तब दर्द देता है जब प्रतियोगी परीक्षाए रद्द होती हैं। महंगे कोर्स मेधावी बच्चों से दूर रह जाते हैं। बस यहीं से एक स्वस्थ मस्तिष्क भी अपराधिक प्रवृति की ओर बढ़ने लगता है। विदुर नीति का श्लोक इसी आपराधिक प्रवृत्ति की तरफ इशारा करता है।

इसमे सुधार के लिए हमारे समाज को सफलता का मापदंड बदलना होगा। सिर्फ धन और पद को सफलता मानना बंद करना होगा। जब कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी व्यवसाय से संबधित है, यदि वह अपनी जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के लिए स्वयं से उतरदायी होगा, तभी समाज में परिवर्तन संभव है। यह व्यवस्था परिवर्तन एक दिन का कार्य नही है, यह तो एक दीर्घगामी प्रक्रिया है। इसके लिए स्वयं से ईमानदारी आवश्यक है, सिर्फ ईमानदारी का आवरण नही। उच्च एवं अति उच्च शिक्षित होना भी व्यक्ति का चारित्रिक विश्लेषण नही करता है। समाज को व्यक्ति की सफलता एवं व्यक्तित्व का मापदंड उसके पद और धन के आधार पर नहीं बल्कि नैतिक मूल्य के आधार पर करना शुरू करना होगा। धन और पद बाजार व्यवस्था में सिर्फ स्वार्थहित के लिए मापदंड बना दिये गये हैं। उच्च शिक्षित, उच्च पद पर प्रतिष्ठित एवं धनवान भी संवेदनशून्य हो सकता है एवं तीनो से रहित व्यक्ति भी संवेदनशील हो सकता है। मेधावी युवा शक्ति को बौद्धिक आतंकवादियों के चंगुल से बचाने के लिए एक बड़े अभियान की आवश्यकता है। युवा शक्ति का विश्वास जीतने की आवश्यकता है।

## ईवीएम पर बढ़ता संदेह

दुनिया के सबसे बड़े कारोबारियों में से एक एलन मस्क ने दुनिया भर के उन देशों के राजनेताओं की नींदें उड़ा दी हैं जहां पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के जरिये मतदान होता है। भारत में इसे लेकर सर्वाधिक बवाल मचना इसलिये लाजिमी है क्योंकि इसे लेकर सबसे ज्यादा विवाद यहीं हुआ है। यहां तो केन्द्र के साथ अनेक राज्यों में सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी पर आरोप है कि उसने बड़े पैमाने पर ईवीएम को हैक कर अपने पक्ष में जनादेश पाये हैं। पिछले कई विधानसभा चुनावों के साथ कहा जाता है कि अभी हाल में हुए लोकसभा चुनाव भी भाजपा ने बड़े पैमाने पर इसके माध्यम से जीता है। यह विवाद 2019 के आम चुनाव के तुरन्त बाद से ही सुप्रीम कोर्ट तो पहुंचा था लेकिन उस पर गम्भीर व प्रदीर्घ सुनवाई चुनाव के आते-आते ही हुई थी। जब निर्णय पहले चरण के मतदान के बाद बाद आया तभी यह साफ हो गया था कि फिलहाल देश के चुनाव इसी पद्धति से होंगे, न कि बैलेट पेपर के जरिये जिसकी मांग की जाती रही है। शीर्ष कोर्ट ने यह भी नहीं माना कि शत-प्रतिशत वीवीपैट से वोटों का मिलान किया जाये क्योंकि सरकार की दलील थी कि इस तरीके से (मतपत्रों को गणना) परिणाम आने में बहुत देर लगेगी। वैसे ईवीएम को लेकर कई सिविल सोसायटियों, वरिष्ठ वकीलों एवं कुछ राजनीतिक दलों ने भी आवाजें उठाई थीं। जो भाजपा 2014 के पहले तक इसके खिलाफ थी, वह अब इसकी सबसे मजबूत पक्षधर है और यहां तक कि उसके साथ हर कदम पर खड़ा दिखाई देने वाला केन्द्रीय चुनाव आयोग तक इसके खिलाफ कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। बहरहाल, इस मामले के फिर से उठने का कारण एलन मस्क द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के उस पोस्ट को रिट्विट करना है जिसमें प्यूर्टो रिको में ईवीएम के माध्यम से हुए चुनाव में बहुत सी अनियमितताओं का हवाला दिया गया है। मस्क ने यह कहकर इसके इस्तेमाल पर प्रतिबन्ध लगाने का सुझाव दिया है कि कोई भी मशीन हैक की जा सकती है। उनका यह भी कहना है कि जोखिम चाहे छोटा ही क्यों न हो, वह है ही। भारत जैसे बड़े देश में इस खतरे का आकार और भी बड़ा हो जाता है; फिर मामला ऐसे चुनाव का हो जिसमें देश को चलाने वाली सरकार के सही या गलत तरीके से बनने का है, तो इसे कतई नजरंदाज नही किया जाना चाहिये।

वैसे अनुमानों के मुताबिक यह मामला उठते ही इस पर फिर से सियासी जंग देश के अंदर छिड़ गयी है। भाजपा की पिछली सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहे राजीव चंद्रशेखर ने तो मस्क को भारत आकर कुछ सीखने की सलाह देते हुए कहा कि 'यहां की ईवीएम मशीनों की बाहर से कोई कनेक्टिविटी नहीं है अतः उनके हैक होने का सवाल ही नहीं है।' उनका यह भी दावा है कि 'फैक्ट्री के स्तर पर ही प्रोग्राम की हुई ईवीएम को रिप्रोग्राम नहीं किया जा सकता।' मस्क के इस कथन पर कि सब तुछ हैक किया जा सकता है, चंद्रशेखर ने कहा कि 'कैलकुलेटर या टोस्टर को हैक नहीं किया जा सकता।' उनका यह प्रत्युत्तर तो बेहद बचकाना है लेकिन ईवीएम के बचाव में कई भाजपा नेता ही नहीं, उसके नेतृत्व में बने नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के अनेक घटक दल के नेता गम्भीरता से पलटवार कर रहे हैं मानो मस्क ने उनके खिलाफ बयान दिया हो।

समाजवादी पार्टी के नेता व सांसद अखिलेश यादव ने कह दिया कि 'यदि प्रौद्योगिकी समस्या हो तो उसका इस्तेमाल बन्द होना चाहिये', वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मशीन की तुलना हवाई जहाज के 'ब्लैक बॉक्स' से करते हुए कहा है कि इसकी जांच करने से सब साफ हो जायेगा (जैसे ब्लैक बॉक्स की जांच से दुर्घटना के कारणों का पता चलता है)। इसके जवाब में महाराष्ट्र के सीएम व शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे ने कहा है कि अगर मशीनों में गड़बड़ी है तो राहुल इस्तीफा दें। दूसरी तरफ, चुनाव के पहले कांग्रेस का साथ छोड़ने वाले संजय निरूपम ने कहा कि यदि मशीनों को हैक किया जा सकता था तो राहुल एक भी जगह से चुनाव नहीं जीतते और न ही भाजपा 240 सीटों पर ठहरती। वैसे इस विवाद के फिर से सुलगने का एक कारण महाराष्ट्र से उठ खड़ा हुआ है। आरोप है कि यहां मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने 4 जून (चुनावी नतीजों के दिन) को मतगणना के दौरान एक ऐसे मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो कि ईवीएम से जुड़ा था। हालांकि इसके बारे में कोई पुष्टि नहीं हो सकी है और वहां की निर्वाचन अधिकारी ने साफ कह दिया है कि ऐसा सम्भव ही नहीं है।

# यह लोकसभा अलग दिखने वाली है, मोदीजी ! सब कुछ बदलना पड़ेगा !

**- श्रवण गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



राहुल गांधी ने रायबरेली की हाल की एक जनसभा में कहा था बहन प्रियंका अगर वाराणसी से चुनाव लड़ जातीं तो प्रधानमंत्री मोदी दो-तीन लाख मतों से हार जाते। ह्यमोदी वाराणसी से जान बचाकर निकले हैं ह्व राहुल ने तब यह नहीं बताया था कि संसद में प्रधानमंत्री का चैन छीनने के लिये वे बहन को अपनी किस सीट से चुनाव लड़वा रहे हैं : रायबरेली से या वायनाड से ? दोनों ही चुनाव क्षेत्रों की जनता को एक लंबे समय से सस्पेंस में डाल रखा था राहुल गांधी ने ? यह सस्पेंस उसी तरह का था जब हाल के चुनावों में आखिर तक जाहिर नहीं होने दिया गया कि राहुल अमेठी से लड़ेंगे कि रायबरेली से ! मीडिया में माहौल अमेठी का बनाकर रखा गया था पर हुआ उल्टा।

प्रियंका को लेकर बनाया गया सस्पेंस सोमवार शाम इस खुलासे के साथ खत्म हो गया कि सोनिया गांधी और राहुल के बाद गांधी परिवार का तीसरा सदस्य वायनाड से संसद में पहुँचने वाला है।प्रियंका पहली बार कोई चुनाव लड़ने वाली हैं। पिछले चुनाव (2019) में उनसे वाराणसी में मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने का आग्रह किया गया था पर तब उन्होंने यह कहते हुए इंकार कर दिया था कि ःह्ममेरे कंधों पर 41 सीटों पर पार्टी को जिताने का जिम्मा है। एक स्थान पर रहकर ऐसा संभव नहीं होगा इसलिए वाराणसी से चुनाव नहीं लड़ रही हूँ ह्व

उल्लेखनीय है कि 2019 में पूर्वी उत्तरप्रदेश की जिन 41 सीटों की ज़िम्मेदारी राहुल ने प्रियंका को सौंपी थी उनमें रायबरेली और अमेठी भी शामिल थे। प्रियंका तब रायबरेली को छोड़ कोई और सीट कांग्रेस को नहीं दिला पाईं थीं। राहुल अमेठी में स्मृति ईरानी के मुकाबले हार गए थे। प्रियंका ने भाई की उस हार का इस बार बदला ले लिया। 2019 में पार्टी की पराजय से व्यथित होकर राहुल ने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

मोदी के नये अवतार से धीरे-धीरे साफ हो रहा है कि वे न सिर्फ. अपने तीसरे कार्यकाल को पूरा करना चाहते हैं , हो सकता है अगले चुनाव कीतैयारियाँ भी प्रारंभ कर दी हों ! जो नजर आ रहा है वह यह है कि कांग्रेस को अब दोनों मोर्चों पर लड़ाई लड़ना होगी : संसद में भी और सड़कों पर भी। राहुल को एक बार फिर सड़कों का मोर्चा संभलना पड़ सकता है। उस स्थिति में संसद का मोर्चा प्रियंका को भी संभलना पड़ेगा।

विपक्ष की कई तेज-तर्रार महिला नेत्रियां पहले ही लोकसभा के लिए चुनी जा चुकीं हैं। महुआ मोइत्रा सहित सबसे ज्यादा महिला सांसद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल से भिजवाई हैं। महुआ को पिछली बार न सिर्फ. संसद से निष्कासित कर दिया गया था कठिन चिकित्सीय परिस्थितियों के बावजूद शासकीय आवास भी उनसे खाली करवा लिया गया था। लोकसभा चुनावों के दौरान प्रियंका ने जो कमाल करके दिखाया है उस पर अगर गौर करना हो तो अमेठी में स्मृति ईरानी के खिलाफ किशोरी लाल शर्मा की जीत की रणनीति का अध्ययन करना पड़ेगा और साथ ही घंटे-डेढ़ घंटे की दूरी पर स्थित रायबरेली में राहुल गांधी की विजय का भी। दोनों ही सीटों पर कांग्रेस की जीत का श्रेय प्रियंका की मेहनत को जाता है जिसका उल्लेख भी राहुल ने रायबरेली की सभा में किया भी।

पूरे लोकसभा चुनावों के दौरान प्रियंका ने 43 सीटों पर प्रचार किया और उनमें से बीस पर पार्टी को जीत प्राप्त हुई। इनमें कुछ सीटें यूपी की भी हैं। प्रियंका ने हर दिन दो रैलियाँ/रोड शो किए और सौ से ज्यादा सभाओं को संबोधित किया। उनकी सफलता का प्रतिशत 46 रहा।

रायबरेली की आभार-ज्ञापन सभा में बहन के योगदान का उल्लेख करते हुए राहुल कुछ कहते-कहते रुक गए थे। उन्होंने इतना भर कहा था कि (प्रियंका के लिये !) उनके पास एक आयडिया है जिसे वे बाद में बताएँगे। रायबरेली के तुरंत बाद वायनाड पहुँचकर राहुल ने वहाँ की आभार-ज्ञापन सभा में अपनी इस दुविधा का उल्लेख किया था कि उन्हें कोई एक सीट छोड़ना होगी और वे तय नहीं कर पा रहे हैं पर तब भी कोई खुलासा नहीं किया था। राहुल वायनाड में प्रियंका को साथ लेकर भी नहीं गए थे। देखना दिलचस्प होगा कि हाल के नतीजों में केरल से भाजपा द्वारा हासिल की गई अपनी पहली सीट से उत्साहित मोदी वायनाड में प्रियंका के खिलाफ किस उम्मीदवार को खड़ा करते हैं ? केरल की उपलब्धि का पीएम ने पुराने संसद भवन में हुई एनडीए के संसदीय दल की बैठक में भी अत्यंत गर्व के साथ उल्लेख किया था। क्या स्मृति ईरानी वायनाड में प्रियंका के खिलाफ लड़ने का जोखिम मोल लेंगीं ? वायनाड उनके लिये अपरिचित भी नहीं है। राहुल गांधी जब वायनाड से चुनाव लड़ रहे थे स्मृति ईरानी वहाँ उनके खिलाफ प्रचार करने पहुँचीं थीं।

प्रधानमंत्री मोदी शासन इंदिरा गांधी की तरह करना चाहते रहे हैं।अब इंदिरा गांधी के एक स्वरूप से लोकसभा में उनका प्रत्यक्ष सामना होने वाला है। प्रियंका राहुल की बहन जरूर हैं पर राजनीति करने में राहुल गांधी नहीं हैं। उनसे पूरी तरह अलग हैं। यह लोकसभा अलग दिखने वाली है, प्रधानमंत्री जी। आपको सब कुछ बदलना पड़ेगा !

# बढ़ते तापमान और गर्मी का जिम्मेदार आखिर कौन है ?

**विनय कुमार मिश्र**
**पत्रकार व स्तंभ लेखक**

आज चारों तरफ बढ़ती गर्मी और तपते तापमान से हाहाकार मचा हुआ है । जानकार इसका कारण कम होते वृक्ष और बाग बगीचों को बता रहे हैं । जानकारों का मानना है कि आज प्रत्येक आदमी को दो पेड़ लगाने की जरूरत है लेकिन अफसोस की जिस प्रकार से विकास होता जा रहा है और बाग बगीचे वृक्ष नष्ट होते जा रहे हैं वैसे लग नहीं रहे हैं जिसका खामियाजा अब हम धीरे-धीरे भुगतना शुरू कर दिए हैं । हर वर्ष बरसात में पौधारोपण होता है जिससे पर्यावरण स्वच्छ सुरक्षित रहें इसके लिए सरकार लक्ष्य भी निर्धारित करती है और पौधारोपण होता भी है लेकिन कुछ कागजों में होकर रह जाता है कुछ धरातलों पर होता है और कुछ हवा हवाई होकर रह जाता है । हर साल इतने वर्षों तक पौधारोपण होने के बावजूद आज धरातल पर कुछ एक ही या फिर नाम मात्र के ही पेड़,वृक्ष , बाग - बगीचे बचे होंगे । आखिर समझ में नहीं आता है कि कैसे लगाया जाता है ? और कैसे वृक्षारोपण किया जाता है ? सब कुछ समझ से परे हैं । सरकार वृक्षारोपण के लिए अनेक प्रकार अनेक वृक्ष गांव से लेकर शहर तक निशुल्क उपलब्ध कराती है जिसे जिम्मेदार लोगों में बांटकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं । अपनी-अपनी जिम्मेदारी कोई नहीं समझ रहा है और इतने महत्वपूर्ण कार्य में भी जिम्मेदार न जाने कितने वर्षों से घोर लापरवाही करते आ रहें हैं जिसका नतीजा सबके सामने है । छोटी - छोटी गलतियां आज जान पर आ गई हैं । हर कोई अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे पर ढकेलता गया जिसका आज नतीजा है कि तापमान और गर्मी असामान्य रूप से बढ़ते जा रहे हैं । शहर से गांव तक कहीं भी चले जाइए जहां कभी पेड़ पौधे वन बाग बगीचे रहा करते थे वहां आज वीरान या खाली पड़े हुए हैं । कभी सड़कों के किनारे पेड़ हुआ करते थे लेकिन आज गांव की सड़कों आबादी की जमीनों खाली पड़ी बंजर की जमीनों पर पेड़ पौधे नहीं दिखाई देते हैं । जहां दिखते भी हैं वह सामूहिक प्रयास या फिर किसानों की मेहरबानी से । शहर में भी सड़कों से पेड़ गायब हैं आज जितने वृक्ष की आवश्यकता है उतनें वृक्षों को लगाने में हमें कई साल लग जाएंगे और तब तक इस पृथ्वी का क्या होगा सोचकर रूह कांप जाता है । आज गर्मी लग रही है तो हम पेड़ लगाने के विषय में सोच रहे हैं जब बरसात आएगा पेड़ लगाने का समय आएगा तब हम एक दो पेड़ लगाकर फोटो खींच कर उसको उसके हाल पर छोड़कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेंगे और उसे उसके स्थिति पर छोड़ देंगे जो पेड़ लगे उसका क्या हुआ पता नहीं । फिर गर्मी आएगी और हाय गर्मी , हाय गर्मी की रट लगाएंगे । आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझे और इसके लिए किसी के भरोसे ना रहें । अब भी अगर हम निस्वार्थ भाव से और एक आदमी कम से कम दो पेड़ लगाए उसकी सुरक्षा करें तब तक करें जब तक वह पेड़ वृक्ष न बन जाए । कुछ वर्षों तक ऐसा करके हम पृथ्वी को हरा-भरा कर सकते हैं , बढ़ते तापमान को और बढ़ने से रोक सकते हैं । यह मानव जाति के साथ-साथ सभी के लिए अच्छा होगा । सभी के जीवन के लिए उपयोगी होगा । हमारे पास सोचने का समय नहीं है , करने का है क्योंकि आज तक हम सोचते सोचते इतने साल गुजार दिए और आज हम ऐसे हालात में आ गए हैं कि उबलने लगे हैं । अगर ऐसे ही हम एक दूसरे के भरोसे या फिर सरकार के भरोसे बैठे रहे तो वह दिन दूर नहीं कि हम सब कुछ नष्ट होते देखेंगे , जान बचाना मुश्किल होगा ।

# कंचनजंगा रेल हादसा : भगवान जिम्मेदार

**@ राकेश अचल**

पश्चिम बंगाल में हुए कंचनजंगा रेल हादसे के लिए मै कांग्रेस की तरह रेल मंत्री अश्विनी वैश्य को जिम्मेदार नहीं मानता। मेरे ख्याल से इस हादसे के लिए केवल और केवल भगवान जिम्मेदार है क्योंकि रेल उन्हीं के भरोसे ही चल रही है। ये देश भूल चुका है कि देश में कोई रेल महकमा भी है और उसका कोई मंत्री भी होता है। पिछले दस साल से चूंकि हर नई रेल सेवा की हरी झंडी केवल अविनाशी भगवान के हाथ से ही हिलते हुए देखी है इसलिए मै जिम्मेदार भी उन्हीं को मानता हूँ। नया इतिहास बनाने और पुराने इतिहास को बदलने की बीमारी से ग्रस्त सरकार ने सात साल पहले 2017 में रेल बजट को आम बजट में मिला दिया था। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद रेल मंत्रालय और रेल मंत्री की हैसियत अपने आप समाप्त हो गयी। आजादी के बाद से लेकर 2017 तक यानि कुल 70 साल तक रेल मंत्रालय का बजट अलग आता था। आम बजट से पहले आता था और रेल बजट का भी उसी बेसब्री से इंतिजार किया जाता था जितना कि आम बजट का किया जाता था। रेल भारत का सबसे बड़ा महकमा जो ठहरा। लेकिन 2017 में देश के लिए रेल अचानक महत्वहीन हो गयी। जिस रेल के महकमे के पास १२ लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं वो रेल महकमा बेजान मान लिया गया।

इसलिए तत्कालीन वित्तमंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली को रेल बजट को आम बजट में विलीन करना पड़ा। सरकार की मंशा के आगे जेटली की भला क्या चलती। आखिर चलती का नाम गाडी जो होता है।

स्वतंत्र भारत में जान मथाई से लेकर आज के अश्विनी वैष्णव तक कुल 40 रेल मंत्री हुए लेकिन जैसी फजीहत भारत के भाजपा शासनकाल में रेल मंत्रियों की हुई किसी कि नहीं हुई। डीवी सदानंद गौड़ा, सुरेश प्रभु और पीयूष गोयल को भी देश रेल मंत्री के रूप में जानता था, लेकिन 2019 के बाद से कौन किस विभाग का मंत्री है ये पता ही नहीं चलता क्योंकि सबके ऊपर अविनाशी जी है। वे ही हरी झंडी दिखते हैं, वे ही नारियल फोड़ते हैं, वे ही भूमिपूजन और उद्घाटन करते है। रेल मंत्री की तो छोड़िये पिछले पांच साल में तो राष्ट्रपति की भी कोई हैसियत इस देश में नहीं रही। बहरहाल बात रेल महकमे की चल रही थी। कांग्रेस के जमाने में अंतिम रेल मंत्री रहे श्री मल्लिकार्जुन खरगे साहब का कहना है कि हमारी भाजपा सरकार ने रेल महकमे का कबाड़ा कर दिया है। एक पूर्व रेल मंत्री यदि कोई आरोप लगता है तो कोई माने या न मने हम तो मानते हैं कि उसकी बात में कोई दम होगा।




हम उन लोगों में से हैं जिन्होंने ललित नारायण मिश्र, कमलापति त्रिपाठी, मधु दंडवते, टी ऐ पई , केदार पण्डे, प्रकाश चाँद सेठी, एबीए गनी खान चौधरी, चोधरी बंशी लाल, मोहसिना किदवई, माधवराव सिंधिया, जार्ज फर्नाडिस, जनेश्वर मिश्र, सीके जफर शरीफ, रामविलास पासवान, नीतीश कुमार, राम नाइक, ममता बनर्जी, लालू प्रसाद, दिनेश त्रिवेदी, मुकुल राय, सीपी जोशी, और मल्लिकार्जुन खड़गे को रेल मंत्री के रूप में देखा है। कुछ रेल मंत्रियों से तो हमारा सीधा दोस्ताना भी रहा, लेकिन इनमें से किसी ने अपनी हरी झंडी अपने आकाओं को फुल टाइम के लिए नहीं सौंपी। सबने अपने ढंग से रेल महकमे को नयी ऊंचाइयां दीं। अनेक रेल मंत्रियों के कार्यकाल में घपले-घोटाले भी हुए लेकिन रेल मंत्रालय का स्वतंत्र अस्तित्व बरकरार रहा, लेकिन जब से रेल बजट आम बजट में विलीन हुआ है, तभी से रेल मंत्रालय भी जैसे अस्तित्वहीन हो गया। भारत की रेल अब आम आदमी की रेल नहीं रही। दिनेश त्रिवेदी तो उन रेल मंत्रियों में से थे जिन्हे रेल बजट पेश करते हुए इस्तीफा देना पड़ा था क्योंकि वे रेल को जनता कि रेल बनाना चाहते थे। वो किस्सा अलग है।

सरकार जो कुछ करती है सोच-समझकर करती है। भाजपा सरकार ने रेल बजट को भी आम बजट में नीति आयोग की सिफारिश पर मिलाया। लेकिन इसका खमियाजा आज पूरा देश भुगत रहा है। देश में रेल सेवा इतनी अस्त-व्यस्त है की लिखना कठिन है। भारत के रेलवे स्टेशन पांच सितारा बनाये जा रहे है। लेकिन रेल स्वयं का स्तर लगातार गिर रहा है। पैंसेंजर रेलों और जनता डिब्बों की संख्या में लगातार कमी की जा रही है। अब देश के अधिकांश छोटे रेल स्टेशनों पर कोई रेल नहीं रूकती। दूर-दराज के गावों को जोड़ने वाली पैसेंजर रेलों को जान-बूझकर बंद कार दिया गया है। सरकार का सारा ध्यान रेल को खास लोगों की रेल बनाने पर है। रेल किराये-भाड़े में अंधाधुंध इजाफा और रेल रियायतों में लगातार कटौती ने जनता का सहाय बना दिया है। सड़क परिवहन टोल टैक्स की वजह से पहले से ही मंहगा है। और ले-देकर रेल बची थी उसे भी सरकार ने जनता के लिए अलभ्य कर दिया।

मुझे याद है कि 2022 में कुल 140367.13 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। रेलवे के बजट में सरकार ने बढ़ोतरी की थी। तब 20 हजार करोड़ से अधिक की बढ़ोतरी रेल बजट में हुई इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा था कि अगले 3 सालों में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से लैस 400 वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण किया जाएगा। पिछले रेल बजट के एलान के दौरान वित्तमंत्री ने राष्ट्रीय रेल योजना 2030 की भी घोषणा की थी। इस योजना के तहत रेलवे के विकास के लिए प्लान तैयार किया गया। इसमें रेल सुविधाओं को नया रूप दिये जाने का एलान किया गया था। इसके लिए केंद्र ने एक लाख करोड़ के निवेश करने की बात की थी। दिसंबर 2023 तक रेलवे की बड़ी लाइन का 100 फीसदी विद्युतीकरण पूरा कर लिया जाएगा।

निसंदेह रेल के क्षेत्र में सरकार लगातार काम कर रही है लेकिन ये काम जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। मैंने दुनिया कि तमाम बड़ी रेल सेवाओं का सुख भोगा है। इस बिना पर मै कह सकता हूँ कि हमारे लिए अभी रेल सेवन को विश्व स्तरीय बनाना किसी ख्वाब से कम नहीं है। हम वंदे और नमो रेलों में ही उलझे रहेंगे। डिब्बों के रंग केसरिया करते रहेंगे, लेकिन न बुलट ट्रेन चला पाएंगे और न पैसेंजर रेलें। सरकार के पास इस बात का कोई जबाब नहीं है कि आबादी के अनुपात में पैंसेंजर रेलों कि संख्या में कितनी बृद्धि कि गई ? हकीकत ये है कि पैसेंजर रेलों कि संख्या लगातार कम कि जा रही है। सरकार रेलों को जनता कि सुविधा के लिए नहीं बल्कि अपनी आमदनी और अपनों को लाभ देने के लिए चलना चाहती है, इसीलिए रेल दुर्घटओं कि संख्या बढ़ रही है। रेलों के ऐसी फेल हो रहे है। उनमें आग लग रही है। रेल फाटकों पार हादसे बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार के आंकड़े इन सबको झुठला देते हैं।

भविष्य में कंचनजंगा जैसे हादसों कि पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार के साथ ही आपको भगवान से भी प्रार्थना करना पड़ेगी अन्यथा भारत में रेल सफर कष्टप्रद, उबाऊ, झिलाऊ और महंगा ही होता जायेगा। देश के सीनियर सिटीजन, महिलाएं रियायत के लिए रिरियाते ही रह जायेंगे। सरकार ने कोविड काल में जनता से जो कुछ छीना था उसे वो शायद ही कभी वापस करे। जनरल डिब्बों में शीतल जल और स्टेशन पर कुल्हड़ में सत्तो का मिलना भी अब एक ख्वाब जैसा है।

# भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय-मातहतों को डीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

### डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**


बैठक में निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत होने वाले विभिन्न कार्यों की समीक्षा में कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में वर्षा जल का अधिक से अधिक खेत-तालाब से संचय कर भू-गर्भ जल स्तर में वृद्धि करें। संचित जल से क्षेत्र की सिंचाई कर फसलों की उत्पादन बढ़ायें।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि तालाबों में मत्स्य पालन, जैविक खेती से किसानों की आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनायें। मनुष्य व जानवरों को पेयजल की सुविधा हो। खेत-तालाब की प्रगति ठीक न मिलने पर भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय व मातहतों तथा जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कहा कि अनुपालन न होने पर कार्यवाही होगी।

उन्होंने उप कृषि निर्देशक को निर्देश दिये कि खेत- तालाब का निरीक्षण करें। भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिये कि खेत-तालाब पर ट्री-गार्ड व तार फेंसिंग से वृक्षों को लगायें। पीएमकेएसवाई के तहत आजीविका संवर्धन, वाटरशेड विकास कार्य बाबत जानकारी ली। निर्देश दिये कि कार्य को सही से करायें। खेत-तालाब निर्माण में भौतिक लक्ष्य व वित्तीय लक्ष्य की जानकारी ली। तालाब का स्थल चयन खेत में ऐसी जगह हो, जहां प्राकृतिक रूप से वर्षा जल एकत्र हो सके। जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिये कि स्प्रिंकलर को जो किसान पंजीयन को आते हैं, उनसे कहें कि खेत-तालाब के तहत पंजीयन करायें। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कहा कि टोकन बुकिंग जुलाई तक करायें। जिलाधिकारी ने पं दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत कहा कि बीहड़ व बंजर भूमि सुधार से चयनित गांव में कार्य करायें। हर गांव में दस स्थान चिन्हित करें, बरसाती नाला से तालाब को जोड़ा जा सके। ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले में पानी की समस्या है। तालाबों में पानी भरने के कार्य हों। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देश दिये कि बीडीओ को लेकर तालाब योग्य भूमि चिन्हित करें। बैठक में एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, भूमि संरक्षण इकाई प्रथम देवेंद्र सिंह निरंजन, भूमि संरक्षण चित्रकूट इकाई तुलसीराम, भूमि संरक्षण इकाई द्वितीय राजकुमार यादव, जिला पिछड़ा वर्ग अधकारी सुनहरी लाल, ब्लॉक प्रमुख मऊ सुशील वर्मा, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बडकू कोल के दो हत्यारे आलाकत्ल समेत दबोचे

### एक हत्यारे की तलाश जारी

**अखंड भारत संदेश**


पुलिस गिरफ्त में आदिवासी बडकू के हत्यारे।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्यामप्रताप पटेल की टीम ने गैर इरादतन हत्या के दो नामजद को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 12 जून को बड़कू कोल पुत्र स्व निहोरे कोल हनुमानगंज लौरी थाना रैपुरा ने सूचना दी कि गांव के सुनील सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह, वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्यामलाल सिंह व शैलेन्द्र सिंह उर्फ शीलू अभिलाष ने लाठी-डंडों से मारपीट कर जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया है। पुलिस ने मारपीट कर हाथ-पैर तोड देने व गाली-गलौज तथा एससी/एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया था। विवेचना सीओ राजापुर कर रही हैं। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। गिरफ्तारी को प्रयास जारी थे। 14 जून को रिपोर्टकर्ता बड़कू कोल की स्वरुपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज दौरान मौत हो गई।

मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक रैपुरा की टीम ने आरोपी सुनील सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह व वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्यामलाल सिंह हनुमानगंज लौरी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से आला कत्ल डंडा बरामद किया। मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा तरमीम की। आरोपी शैलेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल, दीवान राजकुमार, सिपाही राममूरत मिश्रा, धर्मेन्द्र शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचे वांछित व दो वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने एक वांछित व दो वारंटी गिरफ्तार किया। मंगलवार को चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने सिपाही अभिषेक प्रताप, नागेश, महिला सिपाही पल्लवी के साथ गैर इरादतन हत्या में वांछित श्रीमती अंकिता साहू पत्नी धर्मपाल साहू रैन बसेरा के सामने को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह ने गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी विनीत पुत्र कामदनाथ स्टेशन रोड को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन ने सिपाही विजयबहादुर के साथ खनिज अधिनियम के वारंटी रमेश पुत्र पुन्नू भरतकूप को गिरफ्तार किया।

## 29 जुलाई तक मांगे आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक आयुक्त उद्योग ने बताया कि नवीन इकाई स्थापना को मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना 2024- 25 के तहत निर्माण क्षेत्र की अनुमन्य परियोजना की लागत 25 लाख तक तथा सेवा क्षेत्र की अनुमन्य परियोजना की लागत दस लाख रुपये तक के आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी को आनलाइन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी को अजय प्रसाद सहायक प्रबंधक के मोबाइल 8574060505 पर संपर्क कर सकते हैं। किसी भी दशा में मैन्युअल भरा आवेदन स्वीकार नहीं होगा। आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष अभिलेखों समेत आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।


चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते डीएम।

## पटेल तिराहा से एयरपोर्ट तक चैडी करें सडकः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पटेल तिराहा कर्वी से देवांगना एयरपोर्ट तक सड़क चैड़ीकरण के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने निरीक्षण किया।

मंगलवार को निरीक्षण दौरान डीएम ने एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि लोनिवि से चिन्हित स्थान पर स्थापित विद्युत पोल तत्काल लगायें, ताकि सड़क चैड़ीकरण कार्य जल्द पूरा हो सके। एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड को निर्देश दिये कि जहां पर मिट्टी कार्य पूरा हो गया है, वहां जेसीबी से सामग्री डलवाकर सड़क निर्माण शुरू करायें। सडक चैडीकरण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न करे तो तत्काल जानकारी दें। इस मौके पर एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ, विद्युत एक्सईएन दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

### दहेज को समाप्त करने को लोग आयें आगे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत आम जनता से कहा कि दहेज समाज की कुरीतियों को बढ़ावा देता है। समाज में अप्रिय घटनायें होती हैं। दहेज लेना- देना अपराध है। सभी को कुरीतियां समाप्त करने को सार्थक प्रयास की जरूरत है। जिले के लोगों से कहा कि जिले में दहेज बाबत कोई शिकायत हो तो जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। महिला कल्याण विभाग से संचालित वन स्टाफ सेंटर में दहेज बाबत प्रार्थना पत्र दिये जा सकते हैं। केंद्र प्रबंधक के फोन नम्बार 8957855731 व महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते हैं।

## आम जनता को करें शुद्ध पेयजल आपूर्तिः डीएम

**अखंड भारत संदेश**


पाठा पेयजल का निरीक्षण करते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पाठा जलकल पेयजल योजना का निरीक्षण कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिये।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने पाठा जलकल पेयजल योजना के निरीक्षण दौरान नदी से आने वाले पानी को देखा। ट्रीटमेंट प्लांट में शोधित जल का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी को निर्देश दिये कि अवर अभियंता व कर्मचारियों को लगाकर पानी को शोधित करायें। पानी में पीलापन आ रहा है, उसे अच्छी तरह से खुद देखरेख में शोधित कराकर शुद्ध पेयजल आम जनता को उपलब्ध करायें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने बताया कि पानी में जो हल्का पीलापन आ रहा है, ये समस्या जिले में 2018 से आई थी। बरसात के बाद ये समस्या नहीं रहती। पानी में कोई समस्या नहीं है। लगातार क्षेत्रवासियों को सुबह-शाम चार घंटे जलापूर्ति की जा रही है। कहा कि पानी में हल्का पीलापन आ रहा है, उसे शोधित कर आम जनता को शुद्ध पेयजल सुलभ कराया

## तालाब-पोखर सूखे, पशु-पक्षी प्यास से तोड़ रहे दम, पहाडी में भीषण पेयजल संकट

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** इन दिनों जैसे-जैसे गर्मी चरम सीमा बढ रही है, वैसे-वैसे पेयजल की समस्या विकराल रूप ले रही है। तालाब-पोखर सूखने से पशु-पक्षी पेयजल को बेहाल भटक रहे हैं।

मंगलवार को सरकार के लगाये सरकारी हैण्डपम्प फेल हो गये हैं। यहां तक कि गांव में लगे इंडिया मार्का हैंडपम्प मरम्मत के अभाव में बंद पड़े हैं। गांव में बनी पेयजल आपूर्ति टंकियां ग्रामीणों को मुंह चिढा रही हैं। सरकार खूब डिंडोरा पीटती है कि सबका साथ-सबका विकास किया जा रहा है। जमीनी हकीकत देखी जाये तो गांव में समस्या जस की तस है। पहाड़ी ब्लाक के खरसेडा गांव के संजय यादव, दरबारीलाल ने बताया कि गांव में पुराना कुआ सूख गया है। कुआ से कई घरों को पानी मिलता था। उस कुआ की सफाई हो जाये तो लोगों को पानी मिलने लगेगा। गांव में अधिकांश इंडिया मार्का हैंडपम्प खराब पड़े हैं। जिनकी देखभाल कोई नहीं कर रहा। शासन से आये धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। शासकीय धन का उपयोग कहां होता है, इसका कोई पता नहीं है। पेयजल समस्या से जूझ रहे बकटा बुजुर्ग, खरसेडा, जरिहा, नांदी, बछरन, सगवारा, ओबरी, अशोह, पचोखर, भुइहरी दर्जनों गांव में पेयजल की समस्या है। पेयजल समस्या से हाहाकार मचा है। ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल समस्या गंभीर विषय है। तालाब-पोखर पूरी तरह से सूखे पड़े हैं। जिन तालाबों में पानी रहना चाहिए, उनमें धूल उड़ रही है। पशु-पक्षी, जंगली जीव-जंतु गर्मी से व्याकुल होकर तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने योगी सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए पेयजल समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। देखना है कि सरकार के अधिकारी-कर्मचारी जनहित के कार्य में रुचि दिखाते हैं या नहीं।

## बाल कलाकारों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने बनाई यादगार शाम

### सीजेएम ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आनन्देश्वर संगीत अकादमी के वार्षिकोत्सव समारोह में बाल कलाकारों की प्रस्तुतियां देख-सुनकर श्रोतागण तालिया बजाने को मजबूर हो गये।

जिला मुख्यालय में सोमवार की शाम कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ विवेक फडनीस ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से नई पीढी के युवा भारतीय संस्कृति को भूल रहे हैं।


बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति को संरक्षण व संवर्धन देते हैं। संगीत की पवित्रता बनाये रखने को यहां बच्चों को मंच दिया है। प्रदर्शन से प्रतिभागी प्रदेश व देश स्तर पर अपने परिवार व जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। आयुष्मान याज्ञिक ने आरम्भ है-प्रचंड, वैष्णवी सिंह ने छूकर मेरे मन को, राघव पाण्डेय ने नीले-नीले अम्बर पर, रितिक सिंह व रुद्र कसौंधन ने ये तो सच है कि भगवान हैं, मुस्कान त्रिपाठी व जान्हवी सिंह ने जिंदगी प्यार का गीत है, शौर्य प्रताप सिंह ने एक दिन बीत जाएगा माटी के मोल, सुभेक्षा श्रीवास्तव, अपराजिता सिंह ने कोई कैसे समझाए उन्हें, काव्या निगम व श्रेया अग्रवाल ने एक प्यार का नगमा है, यशिका व यर्थाथ गुप्ता ने तू कितनी अच्छी है, निय श्रीवास्तव ने अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम, आरुष तिवारी ने हमारे साथ श्री रघुनाथ, इशांत सिंह ने तुम अगर साथ देने का वादा करो, ऋषभ देव त्रिपाठी ने इतनी शक्ति हमे देना दाता, जय सिंह ने वीर हनुमाना अति बलवाना, सूरज द्विवेदी ने जिंदगी एक सफर है सुहाना, पार्थ चतुर्वेदी ने किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार व देवांग अग्रवाल ने मेरा जूता है जापानी गीत पेश किया।

कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने प्रतिभागी बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। संचालन गणेश मिश्र ने किया। आयोजक विनय पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी, कथा वाचक आचार्य महेन्द्र शास्त्री, स्वाती अग्रवाल, लवलेश गुप्ता, उपेन्द्र तिवारी, रवि श्रीवास्तव, सिद्धार्थ गुप्ता, डॉ रमाकान्त गुप्ता, अंकिता अग्रवाल, गीता जायसवाल, यामेन्द्र पाण्डेय, नवल किशोर पाण्डेय, नवनीत निगम व डॉ विभांशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# योग अभ्यास सप्ताह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग में योग अभ्यास सप्ताह संपन्न हुआ। महिला पतंजलि योग समिति की बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मंगलवार को भारत स्वाभिमान की महामंत्री मीरा श्रीवास्तव व महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने भारत स्वाभिमान प्रभारी अरविंद शिवहरे, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी नरेंद्र चंद्रवंशी के साथ योगाभ्यास सप्ताह गणेश बाग में कराया। इस मौके पर तमाम बहनों ने हिस्सा लिया।

इसी क्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक/यूनानी अधिकारी डा निरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास के क्रम में ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग में आयुष विभाग व पतंजलि योग संस्थान ने संयुक्त रूप से किया। गणेश प्रतिमा की पूजा से जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा राजेश कुमार, डा आशुतोष तिवारी नोडल अधिकारी आयुर्वेद ने शुरुवात की। संचालन


गणेश बाग में योग अभ्यास करती महिलायें।

पतंजलि योग संस्थान के योग प्रशिक्षक श्रीमती मंजू केशरवानी, श्रीमती मीरा श्रीवास्तव, अरविन्द शिवहरे ने किया। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम/योग खुद व समाज के लिये विषय पर आधारित प्रोटोकॉल अनुसार हुआ। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर के निर्देश में सम्पन्न हुआ। आयुर्वेद व होम्योपैथिक विभाग के सभी डॉक्टर/कर्मचारी व योग प्रशिक्षकों के साथ दो सौ लोग मौजूद रहे। समापन डा आशुतोष तिवारी नोडल अधिकारी आयुर्वेद ने वहां

## योग दिवस सप्ताह में पुलिस लाइन में योगाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**


पुलिस लाइन में योगाभ्यास करती पुलिस।

**चित्रकूट।** दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होने वाले सामूहिक योगाभ्यास सप्ताह दौरान पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता व प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण की मौजूदगी में योगाभ्यास हुआ। मंगलवार को योगाभ्यास में हिस्सा लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी को मानसिक व शारिरिक रूप से मजबूत बनाने को योग के विभिन्न आसन कराये गये। सभी से कहा कि 21 जून को होने वाले सामूहिक योगाग्यास में निर्धारित ड्रेस कोड में हिस्सा लें।

### दुकान संचालन को दिव्यांग को मिलेगा ऋण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संचालित दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोडने को दुकान निर्माण/संचालन ऋण योजना के तहत दुकान संचालन को ऋण व अनुदान देने को प्रति लाभार्थी दस हजार रुपये देने का प्राविधान है। मंगलवार को उन्होंने बताया कि ढाई हजार रुपये अनुदान राशि व साढे सात हजार रुपये ऋण राशि है। दुकान निर्माण को ऋण व अनुदान प्रति लाभार्थी बीस हजार रुपये दिया जाता है। पांच हजार रुपये अनुदान व 15 हजार रुपये ऋण देना प्रस्तावित है। चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ऋण दिया जाता है। ऋण की धनराशि को दिव्यांग ढाई सौ रुपये प्रति त्रैमासिक 30 किस्तों में विभाग को वापस देना है। इच्छुक आवेदक आनलाइन आवेदन करें। ज्यादा जानकारी को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन में सम्पर्क कर सकते हैं।

## दीवान बने दरोगा को एसपी ने लगाया स्टार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने दीवान पद से दरोगा बने अरविन्द दुबे के कन्धों में स्टार लगाकर अलंकृत किया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने दीवान से प्रोन्नति पाये दरोगा का मुंह मीठा कराया। शुभकामनायें देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी डायल 112 शिवमूरत यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।


स्टार लगाते एसपी व एएसपी।

### शादी पुरस्कार को दिव्यांग करें सम्पर्क

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संचालित दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार अनुदान योजना के तहत युवक-युवती में से युवक के दिव्यांग होने पर 15 हजार रुपये व युवती के दिव्यांग होने पर बीस हजार रुपये, दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये दिये जाते हैं। मंगलवार को उन्होंने बताया कि योजना के तहत शादी की तारीख से युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष से अधिक न हो। योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष व पिछले वित्तीय वर्ष में सम्पादित विवाह के आवेदन ही मान्य होंगे। आवेदक अपना आय प्रमाण पत्र पति-पत्नी में से कोई भी आयकरदाता न हो।

## छेड़खानी-पिटाई से बचने को भागे युवक की छत से गिरने से हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम रेलवे स्टेशन में टिकट लेने दौरान महिलाओं से छेड़खानी करने वाले मनचलों की पिटाई से जान बचाकर भागे एक युवक की होटल की छत से गिरने से मौत हो गई।घटना चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन में सोमवार को हुई। बताया गया कि मानिकपुर कस्बे के शानू, जुबेर, सत्तू व दिलीप कुशवाहा शाम को किसी दोस्त की पार्टी में कर्वी आये थे। पार्टी करने के बाद चारों शराब के नशे में घर जाने को ट्रेन पकड़ने को चित्रकूटधाम रेलवे स्टेशन आये थे। शानू टिकट लेने को लाइन में खड़ा हो गया। लाइन में लगी किसी महिला के साथ शानू ने छेड़खानी कर दी। ये हरकत महिला के परिजनों ने देख लिया। टिकट लेते वक्त तो कुछ नहीं बोले, जब टिकट लेकर युवक साथियों के पास पहुंचा तो महिला के परिजन शिकायत करने पहुंचे। शानू के साथी जुबेर ने कहा कि जो करना हो कर लेने की धमकी दी। महिला के परिजनों ने घर से कुछ लड़कों को बुलवा लिया। चारों लड़कों के बाहर निकलते ही महिला के परिजनों ने शानू व जुबेर की पिटाई शुरू कर दी। शानू व जुबेर जान बचाकर स्टेशन के बाहर बने रुपाली लॉज में घुस गये। भीड़ पीछा करती हुई होटल पहुंची।

# माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में मौसम खराब, हजारों पर्वतारोही फंसे, 10 दिन से बंद है लुक्ला एयरपोर्ट

**काठमांडू।** माउट एवरेस्ट की चढ़ाई कर वापस लौट रहे हजारों पर्वतारोही अचानक मौसम खराब होने से रास्ते में फंसे हुए हैं। यह लोग एवरेस्ट बेस कैंप तक आ चुके हैं। बर्फीली हवाओं के बीच फंसे इन पर्वतारोहियों के पास मौसम खुलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। खराब मौसम के कारण बेस कैंप से सबसे करीब लुक्ला एयरपोर्ट (तेनजिंग हिलेरी विमानस्थल) पिछले 10 दिन से बंद है। नेपाल में मानसून प्रवेश कर चुका है। लगातार बारिश होने से मौसम बिगड़ गया है। इन पर्वतारोहियों में नेपाल के अलावा अन्य देशों के भी नागरिक भी शामिल हैं। लुक्ला के एयर ट्राफिक कंट्रोलर दिवेश दाहाल ने बताया है कि आठ जून से ही एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी है। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक लुक्ला के मौसम में सुधार के कोई संकेत नहीं है।




एयरपोर्ट बंद होने के कारण लुक्ला के सारे होटल फुल हैं। सैकड़ों पर्यटकों को रूम नहीं मिल पाए हैं। ऐसे लोगों को स्थानीय प्रशासन ने होम स्टे सुविधा उपलब्ध कराई है।। लुक्ला से पर्यटकों को एवरेस्ट बेस कैंप होते हुए चोटी पर चढ़ाई कराने वाले सोनाम शेरपा ने बताया कि कुछ पर्यटकों को पास के ही सुर्के हेलीपैड तक पहुंचाया जा रहा है। सुर्के हेलीपैड के लिए लुक्ला से दो घंटे की कठिन पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। यहां से एक हेलीकॉप्टर में एक बार में पांच लोगों को ही काठमांडू पहुंचाया जाता है। सुर्के से काठमांडू का हेलीकॉप्टर का किराया 3000 डॉलर है।

सोनाम शेरपा का कहना है कि दूसरा रास्ता सड़क मार्ग है। यह मार्ग कठिन है। लुक्ला से सड़कमार्ग जहां से जुड़ा है, वहां पहुंचने के लिए पर्वतारोहियों को करीब चार घंटे की पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। कच्ची और उबड़ खाबड़ सड़क होने के कारण सिर्फ बोलेरो और सूमो जैसी गाड़ियां ही चल पा रही हैं। लुक्ला से 70 किलोमीटर दूर थामेडांडा है। थामेडांडा से काठमांडू की भाड़ा चार हजार रुपये प्रति व्यक्ति लिया जाता है।

# दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के नौसैनिक जहाज टकराए, दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

**बीजिंग/मनीला।** विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने दावों को स्थापित करने के लिए चीन-फिलीपीन टकराव ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया जब उनके नौसैनिक जहाजों के बीच पहली बार टकराव हुआ। बीजिंग ने विदेशी जहाजों के खिलाफ कार्रवाई करने और चीनी जल क्षेत्र में ॖनियमों का उल्लंघन करने के संदेह मेंॖ विदेशियों को हिरासत में लेने के लिए नए नियम जारी करने के बाद यह पहली ऐसी घटना हुई।

चीन दक्षिण चीन सागर (एससीएस) के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी उस पर हक जताते हैं जिसे लेकर क्षेत्र में गहरा विवाद है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपीन के एक पोत और एक चीनी जहाज के बीच टक्कर हो गई, यह घटना उस समय हुई जब फिलीपीन का जहाज ॖसेकेंड थॉमस शोलॖ के पास के पानी में ॖअवैध रूप से प्रवेश




कियाॖ और ॖखतरनाक तरीके सेॖ चीनी जहाज के पास पहुंच गया।

पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों की नौसेनाओं और तटरक्षकों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में सेकेंड थॉमस शोल पर अपना दावा जताने के लिए जोरदार प्रयास किया है, जिस पर चीन का दावा है।

चीन का आरोप है कि फिलीपीन ने 1999 में सेकेंड थॉमस शोल, जिसे वह रेनाई जियाओ कहता है, में जानबूझकर एक नौसैनिक जहाज को किनारे पर खड़ा कर दिया था और क्षतिग्रस्त जहाज को नौसैनिक कर्मियों द्वारा संचालित एक स्थायी प्रतिष्ठान में परिवर्तित कर दिया था।

तटरक्षक बल के अनुसार, सोमवार की सुबह चीनी जहाज ने फिलीपीन के जहाज को निर्माण सामग्री पहुंचाने से रोकने के लिए उससे टक्कर मार दी। तटरक्षक बल के बयान में कहा गया कि उसके जहाज ने सोमवार की सुबह रेनाई जियाओ के निकट जलक्षेत्र में फिलीपीन के एक जहाज द्वारा अवैध घुसपैठ के जवाब में नियामक उपाय किए हैं।

इसमें कहा गया है कि एक फिलीपीन आपूर्ति जहाज, चीनी पक्ष की ओर से बार-बार दी गई कड़ी चेतावनियों की अनदेखी करते हुए, जानबूझकर और खतरनाक तरीके से रेनाई जियाओ के निकटवर्ती जलक्षेत्र में सामान्य रूप से नौकायन कर रहे चीनी जहाजों के पास पहुंच गया।

बयान में कहा गया है कि इस घटना ने समुद्र में टकराव की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय विनियमों का उल्लंघन किया। इस घटना के कारण मामूली टक्कर हुई, जिसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदारी फिलीपीन पक्ष की है।

बयान में हालांकि किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की क्षति या चोट का उल्लेख नहीं किया गया।

# सोने की तस्करी में गिरफ्तार चीनी नागरिक के पास मिला नेपाली नागरिकता का प्रमाणपत्र

**काठमांडू।** नेपाल में 6 किलो सोने और 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार चीनी नागरिक के पास से नेपाली नागरिकता का भी प्रमाणपत्र मिला है, जिससे सरकार में हड़कंप मच गया है। अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि चीनी नागरिक को नेपाली नागरिकता आखिर कैसे मिल गई? दरअसल, पिछले साल हुए 100 किलो सोने की तस्करी के मामले की नए सिरे से हो रही जांच के दौरान दो दिन पहले एक और चीनी नागरिक की गिरफ्तारी हुई थी। उसके पास से पुलिस को 6 किलो सोना और 50 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे। पुलिस ने जब उसके ठिकाने पर छापा मारा तो उसके पास से नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र भी मिला है। फर्जी नागरिकता के सहारे सोने की तस्करी करने का खुलासा होने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।सोने की तस्करी की जांच कर रहे नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के प्रवक्ता हविन्द्र बोगटी ने बताया कि 100 किलो सोने की तस्करी की जांच के क्रम में 37 वर्षीय चीनी नागरिक शेरम ग्याल्मो को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से सोनाम शेर्पा के नाम का नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र मिला है। बोगटी ने बताया कि यह प्रमाणपत्र सिन्धुपालचोक जिला प्रशासन कार्यालय से जारी किया गया है। उनके मुताबिक अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि चीनी नागरिक को नेपाली नागरिकता आखिर कैसे मिल गई? इससे पहले भी 100 किलो सोने की तस्करी के क्रम में गिरफ्तार कुछ और चीनी नागरिकों के पास भी नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र बरामद हुआ था, जिसके बाद कुछ सरकारी कर्मचारियों की भी गिरफ्तारी हुई है।

# नेपाली संसद में विपक्षी दल के नेता ने बजट की कॉपी फाड़कर जताया विरोध

**काठमांडू।** नेपाल संसद में विरोधी दल के नेता ने बजट पर चर्चा के दौरान विरोध करते हुए बजट की कॉपी फाड़ दी है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन का आरोप है कि बजट में योजनाओं का वितरण देखकर सरकार की और सत्तारूढ़ दल की नीयत ठीक नहीं लग रही है। नेपाल सरकार की ओर से पेश किए गए विक्रम सम्वत 2081-82 के आम बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन ने सदन में ही बजट की कॉपी फाड़ते हुए इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह संसदीय गरिमा के खिलाफ है, लेकिन जिस तरह का बजट सरकार ने पेश किया गया है, उसको देख कर गुस्सा आना स्वाभाविक है। इसको फाड़ने के अलावा इस बजट का कोई उपयोग नहीं है। बजट की कॉपी फाड़ते वक्त सभी विपक्षी दलों ने टेबल थपथपा कर राजेन्द्र लिंग्देन का समर्थन किया। राप्रपा के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन ने कहा कि जिस तरह से बजट में योजनाओं का वितरण किया गया है, उसको देख कर सरकार की और सत्तारूढ़ दल की नीयत ठीक नहीं लग रही है। उन्होंने वित्त मंत्री पर बिना किसी स्त्रोत साधन के ही करोड़ों रुपये के बजट आवंटन को नीतिगत भ्रष्टाचार बताया है। लिंग्देन का कहना है कि जिस तरह से सत्तारूढ़ दल के कुछ नेताओं के कहने पर करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया है, उसको देख कर सरकार के भ्ष्टाचार में लिप्त होने की पुष्टि होती है।

# चेक गणराज्य में गोला-बारूद विस्फोट में एक सैनिक की मौत, आठ घायल

**प्राग।** चेक गणराज्य के एक सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र में गोला-बारूद विस्फोट में एक सैनिक की मौत हो गई और एक नागरिक सहित आठ अन्य व्यक्ति घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

चेक गणराज्य मंत्रालय ने बताया कि यह दुर्घटना प्राग से लगभग 250 किलोमीटर पूर्व में लिबावा में हुई, जब गोला-बारूद तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। मंत्रालय ने बताया कि घायलों को ओलोमौक शहर के अस्पतालों में ले जाया गया। सैन्य पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# गुरपतवंत सिंह पन्नू मामला: आरोपी निखिल गुप्ता ने अदालत में खुद को निर्दोष बताया

**न्यूयॉर्क:** भारत द्वारा घोषित खालिस्तानी समर्थक आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की असफल साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को सोमवार को अमेरिका की एक संघीय अदालत में पेश किया गया. निखिल गुप्ता ने अदालत में खुद को निर्दोष बताया. गुप्ता दोपहर 12:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन संघीय न्यायालय पहुंचा और अदालत में खुद को निर्दोष बताया. गुप्ता को शुक्रवार को चेक गणराज्य से अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था. पत्रकारों से बात करते हुए गुप्ता के अमेरिका स्थित वकील जेफरी चैब्रोवे ने कहा कि वे बाद में जमानत याचिका दायर करेंगे. इसका अर्थ है कि गुप्ता को फिलहाल हिरासत में ही रखा जाएगा.

20 मिनट की सुनवाई के दौरान, चैब्रोवे ने गुप्ता की हिरासत की शर्तों पर जोर देते हुए कहा कि



शुक्रवार को ब्रुकलिन हिरासत केंद्र में पहुंचने के बाद से उन्हें शाकाहारी भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया. न्यूयॉर्क स्थित वकील को गुप्ता से फिर से बात करने की अनुमति दी जाएगी. अगली सुनवाई 28 जून को है. निखिल गुप्ता पर अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने एक भारतीय सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अमेरिका में पन्नू के खिलाफ कथित हत्या की साजिश का पता चलने से भारत-अमेरिका संबंध सुर्खियों में आ गए हैं. नई दिल्ली ने पन्नू के खिलाफ साजिश से खुद को अलग करते हुए कहा है कि यह भारत सरकार की नीति के खिलाफ है. उसने कहा है कि वह वाशिंगटन द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं की औपचारिक जांच करेगा. अमेरिकी न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि गुप्ता (52) भारत सरकार का सहयोगी है और उन्होंने तथा अन्य लोगों ने मिलकर न्यूयॉर्क शहर में पन्नून की हत्या की साजिश रचने में मदद की थी.

# नजरें घुमाते हुए इटली की पीएम मेलोनी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलाया हाथ, वीडियो वायरल

**हैदराबाद:** इटली में आयोजित ॠ-7 का तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया है. इस सम्मेलन में जी-7 देशों के अलावा कई अन्य देश भी शामिल हुए. सम्मलेन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बातचीत हुई. लेकिन दोनों के बीच मुलाकात के क्षण तनावपूर्ण रहे. इन दोनों की मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स द्वारा देखे गए एक मसौदे के अनुसार वीडियो में मेलोनी को मैक्रों की ओर बेरुखी से देखते हुए देखा जा सकता है, वहीं दोनों के बीच शेकहैंड में भी काफी उदासीनता दिखी. आपको बता दें कि यह वीडियो गर्भपात के अधिकारों को शामिल करने के लिए विशिष्ट भाषा को लेकर मेलोनी और मैक्रों के बीच हुए टकराव के कुछ घंटों बाद आया.



जानकारी के अनुसार ॠ-7 नेताओं ने शुक्रवार को अपने अंतिम विज्ञप्ति में गर्भपात का कोई सीधा संदर्भ नहीं दिया था. रिपोर्ट में कहा गया है कि इटली ने इस शब्द को शामिल करने के लिए फ्रांसीसी दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया. इस मसौदे ने नेताओं की पिछली बैठक में जारी बयान की तुलना में छ्रॠइळ्द अधिकारों के लिए समर्थन को कम करने के आरोपों को भी जन्म दिया.

गर्भपात के मुद्दे ने रोम और पेरिस के बीच कूटनीतिक विवाद को जन्म दे दिया, जिसमें मेलोनी ने मैक्रों पर फ्रांस में राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया. हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था, जब किसी नेता की आंखें घुमाने वाली हरकत ने इंटरनेट का ध्यान खींचा हो.

साल 2017 में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल के बीच का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पुतिन को देखकर एंजेला आंखें घुमाती हुई दिखाई दीं. पुतिन, एक हाथ जेब में डाले और दूसरे हाथ से इशारा करते हुए, एक ऐसे विषय पर चर्चा कर रहे थे, जो एंजेला को उनकी प्रतिक्रिया के आधार पर कम दिलचस्प लगा।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन उत्तर कोरिया की दो दिवसीय यात्रा के दौरान किम जोंग से मिलेंगे

**सियोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा है। इसकी पुष्टि दोनों देशों ने की।

पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी। दोनों देश अमेरिका के साथ अपने अलग-अलग मतभेदों के मद्देनजर अपने गठबंधन को और मजबूत कर रहे हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। साथ ही रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की। यह यात्रा एक हथियार समझौते के बारे में बढ़ती अंतरराष्ट्रीय चिंताओं के बीच हो रही है, जिसके तहत प्योंगयांग आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बदले में मास्को को आवश्यक हथियार उपलब्ध करा रहा है, जिसकी यूक्रेन में पुतिन के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत जरूरत है। हालांकि उत्तर कोरिया को आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से किम के परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न खतरे में वृद्धि होगी। किम ने गत सितंबर में पुतिन के साथ बैठक के लिए रूस के सुदूर पूर्व की यात्रा की थी जिसके बाद से उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य, आर्थिक और अन्य सहयोग में तेजी से वृद्धि हुई है। दोनों नेताओं के बीच हुई यह बैठक 2019 के बाद उनकी पहली बैठक थी।

# यूक्रेन को नाटो सहयोगियों के रक्षा व्यय लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और विश्वव्यापी चिंता के बीच यूक्रेन को नाटो से बड़े मदद हासिल करने की उम्मीद है। नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने सोमवार को कहा कि इस वर्ष 20 से अधिक नाटो सदस्य देशों द्वारा पश्चिमी सैन्य गठबंधन के रक्षा व्यय लक्ष्य को प्राप्त करने की उम्मीद है। वाशिंगटन के विल्सन सेंटर में एक वार्ता के दौरान स्टोल्टेनबर्ग द्वारा घोषित अनुमानित आंकड़ा, गठबंधन के रक्षा व्यय दिशानिर्देश को पूरा करने वाले 32 नाटो सदस्य देशों की श्रेणी में 2021 की तुलना में लगभग चार गुना वृद्धि दर्शाती है। वर्ष 2021 रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण से पहले केवल छह देश मदद करते थे। नाटो सदस्य देशों ने पिछले वर्ष अपने सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने पर सहमति व्यक्त की थी। खर्च में वृद्धि यूक्रेन में युद्ध के बारे में पश्चिमी सहयोगियों की चिंता को प्रतिबिंबित करती है। स्टोल्टेनबर्ग सोमवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे।

# महामारी बन गया है रेफरियों से दुर्व्यवहार: रिपोर्ट

जर्मनी में यूएफा यूरोपीयन फुटबॉल चैंपियनशिप चल रही है, जिसे यूरोज भी कहते हैं. यह दुनिया के सबसे महंगे खेल आयोजनों में से एक है और उम्मीद की जा रही है कि इस साल इस प्रतियोगिता के दौरान 2.4 अरब यूरो का राजस्व पैदा होगा. इसे टीवी पर दुनियाभर के पांच अरब दर्शक मिलने का अनुमान है.

इस विशाल आयोजन के दौरान सबकी नजर फुटबॉल सितारों पर रहेगी. लेकिन 19 लोग ऐसे हैं, जो इस पूरी चकाचौंध में अपनी जगह बनाने और सुरक्षित रहने को संघर्ष कर रहे होंगे.

ये 19 लोग वे रेफरी हैं जो प्रतियोगिता के 51 मैचों के दौरान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खेल नियम और कानून से हो. लेकिन इसकी उन्हें खासी कीमत चुकानी पड़ती है. एक ताजा अध्ययन बताता है कि दुनियाभर में फुटबॉल रेफरी गाली-गलौज और मारपीट से इस कदर परेशान हैं कि उनमें से लगभग आधे तो खेल छोड़ने तक की सोच रहे हैं.

यूरोज के रेफरियों में से एक माइकल ओलिवर हैं जिन्हें जान से मारने की धमकियां तक मिल चुकी हैं. 2018 के चैंपियंस लीग फाइनल में उन्होंने आखिरी मिनट में एक पेनल्टी दे दी थी, जिसके बाद ओलिवर को कई तरह की प्रताड़नाओं का सामना करना पड़ा. उनकी पत्नी लूसी भी फुटबॉल रेफरी हैं. उनका फोन नंबर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया, जिसके बाद उन्हें अभद्र और गाली-गलौज वाले मेसेज भेजे गए.

**पुराना है खेल में दुर्व्यवहार**

रेफरियों के लिए यह यातना नई नहीं है. 2004 के यूरोज क्वॉर्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड के रेफरी ने पुर्तगाल के खिलाफ इंग्लैंड के गोल को खारिज कर दिया तो उन्हें पुलिस सुरक्षा लेनी पड़ी थी. इंग्लैंड के नाराज प्रशंसकों ने उन्हें 16 हजार से ज्यादा ईमेल भेजे थे.

फुटबॉल रेफरियों के साथ होने वाले इस व्यवहार को लेकर ब्रिटेन की कोवेंट्री यूनिवर्सिटी ने एक अध्ययन किया है. इस अध्ययन के लिए शोधकताओं टॉम वेब और हरजीत सेखों ने यूरोप, ओशेनिया और उत्तरी अमेरिका के 1,300 से ज्यादा रेफरियों से बातचीत की है.

इस सर्वे के आधार पर शोधकर्ता कहते हैं कि रेफरियों के साथ दुर्व्यवहार एक महामारी का रूप ले चुका है. ॖद कनर्वसेशन' पत्रिका में छपे इस शोध पत्र में बताया गया है कि 98 फीसदी रेफरियों ने कभी ना कभी किसी तरह का दुर्व्यवहार झेला है और लगभग 20 फीसदी को शारीरिक यातना भी झेलनी पड़ी है. शोधकताओं ने जितने रेफरियों से बात की, उनमें से लगभग आधे खेल को छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं.

रिपोर्ट कहती है कि रेफरियों के साथ दुर्व्यवहार इस हद तक पहुंच चुका है कि अब फुटबॉल में रेफरियों की कमी होने लगी है. पिछले साल अगस्त में ही यूएफा ने एक भर्ती अभियान शुरू किया जिसका मकसद 40 हजार नए रेफरी भर्ती करना है.

लेकिन शोधकर्ता कहते हैं अगर "खिलाड़ियों, कोच और दर्शकों के व्यवहार में बड़ा बदलाव नहीं होता है तो यूरोप की छोटी प्रतियोगिताएं इन नए रेफरियों को काम जारी रख पाने में मनाने में नाकाम रहेंगी.ॖ

**उठाए गए हैं कदम**

रेफरियों के प्रति दुर्व्यवहार से निपटने के लिए फरवरी 2023 में फुटबॉल संघ ने पहली बार उनके शरीर पर कैमरा लगाने का परीक्षण भी किया था. फुटबॉल के मैदानों, ड्रेसिंग रूम और अन्य जगहों पर पोस्टर लगाए गए जिनमें खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों से सम्मानजनक व्यवहार का अनुरोध किया गया.

लेकिन शोधकर्ता कहते हैं कि इन उपायों के नतीजे फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं. एक रेफरी ने शोधकताओं को बताया, "मुझे लगता है कि काउंटी स्तर पर, यानी शनिवार को होने वाले लीग मुकाबले इस बात की सबसे बुरी मिसाल हैं कि खिलाड़ी किसी भी कीमत पर जीतने की कोशिश करते हैं. अधिकारियों के खिलाफ भद्दी टिप्पणियां और गाली-गलौज आम है. जब भी खिलाड़ी एक-दूसरे को छू जाते हैं तो दर्शक फाउल चिल्लाने लगते हैं.

रिपोर्ट कहती है कि 2016 से अब तक दस हजार से ज्यादा रेफरी इंग्लिश फुटबॉल छोड़ चुके हैं. कोविड महामारी के कारण रेफरियों की भर्ती और मुश्किल हुई है.

रेफरियों के साथ दुर्व्यवहार का आलम यह है कि बच्चों को भी नहीं बख्शा जाता. नवंबर 2021 में इंग्लैंड के 13 और 14 साल के सारे रेफरी हड़ताल पर चले गए थे. वे लोग खिलाड़ियों के माता-पिता और कोच के दुर्व्यवहार का विरोध कर रहे थे।